# दैनिक नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 17 | अंक 101 | सीकर, मंगलवार 09 जून 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


## जेडीए का बुलडोजर चला : 125 से अधिक अतिक्रमण और पांच धार्मिक स्थल हटाए



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर विकास प्राधिकरण ने सोमवार को जगतपुरा के नंदपुरी अंडरपास क्षेत्र में मास्टर प्लान के तहत प्रस्तावित 80 फीट चौड़ी सड़क को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए बड़ा अभियान चलाया। करीब डेढ़ किलोमीटर लंबे मार्ग पर की गई कार्रवाई के दौरान 125 से अधिक अवैध निर्माणों के साथ सड़क सीमा में आ रहे पांच धार्मिक ढांचों को हटाया गया। अभियान को देखते हुए प्रशासन ने अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था की और करीब 3 हजार पुलिसकर्मियों के साथ राजस्थान आर्म्ड कांस्टेबुलरी की 12 कंपनियां तैनात की गई। जेडीए विजिलेंस शाखा के उप महानिरीक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि नंदपुरी अंडरपास से जगतपुरा को जोड़ने वाली यह सड़क कई स्थानों पर 25 से 30 फीट तक सिमट गई थी जबकि राजस्व रिकॉर्ड में इसकी चौड़ाई 80 फीट दर्ज है। यह मार्ग छह प्रमुख कॉलोनियों के बीच से गुजरता है और इसके चौड़ीकरण से हरे कृष्णा मार्ग पर यातायात का दबाव कम होगा। साथ ही 50 से अधिक कॉलोनियों के निवासियों को मालवीय नगर, प्रधान मार्ग और अपेक्स सर्किल तक बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। अधिकारियों के अनुसार कार्रवाई से पूर्व संबंधित धार्मिक स्थलों की प्रबंध समितियों और स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ कई दौर की बातचीत की गई थी तथा ढांचों को स्वेच्छा से हटाने के लिए समय भी दिया गया था। निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद सोमवार सुबह कार्रवाई शुरू की गई। हटाए गए ढांचों में एक चार मंजिला नूरानी मस्जिद का हिस्सा, दो मंदिर, एक सत्संग भवन और एक मजार शामिल हैं। कार्रवाई के दौरान पूरे क्षेत्र को बैरिकेडिंग कर सील किया गया। ड्रोन कैमरों से निगरानी रखी गई तथा लोगों को छतों पर एकत्र नहीं होने देने के लिए लगातार माइक से घोषणाएं की गईं। संवेदनशीलता को देखते हुए मीडिया और आमजन की आवाजाही भी सीमित रखी गई। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जयपुर उत्तर और जयपुर पूर्व के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मोबाइल इंटरनेट, बल्क एसएमएस, व्हाट्सएप, फेसबुक, एक्स सहित सोशल मीडिया सेवाओं पर अस्थायी रोक लगाई गई। वहीं कार्रवाई क्षेत्र में बिजली आपूर्ति भी बंद रखी गई, जिससे स्थानीय लोगों को कुछ समय के लिए असुविधा का सामना करना पड़ा। प्रशासन का कहना है कि सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाहें फैलने की आशंका को देखते हुए यह कदम उठाया गया। जेडीए ने अभियान में 22 से अधिक भारी मशीनें, पोकलेन, जेसीबी और डंपर लगाए। ड्रोन से प्राप्त लाइव



फीड के जरिए वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी पूरे अभियान की निगरानी करते रहे। प्रशासन के अनुसार स्थानीय नागरिकों के सहयोग से कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। उल्लेखनीय है कि जेडीए ने इसी मार्ग पर 22 मई को भी अभियान चलाकर 134 अतिक्रमण हटाए थे। इसके बाद शेष अतिक्रमण हटाने के लिए समय दिया गया था। प्रशासन ने क्षेत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू कर रखी है, जिसके तहत 22 जून तक बिना अनुमति धरना, प्रदर्शन, रैली और पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध रहेगा। प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई सार्वजनिक मार्ग को मूल स्वरूप में बहाल करने और शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## स्टॉप डायरिया कैम्पेन 16 जून से

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** पांच वर्ष से छोटे बच्चों की मृत्यु का एक कारण दस्त रोग भी है। दस्त से होने वाली बाल मृत्यु को कम करने के लिए जिले में स्टॉफ डायरिया कैम्पेन 16 जून से शुरू होगा, जो 31 जुलाई तक चलेगा। सोमवार को हुई साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने महिला एवं बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, पंचायती राज विभाग के अधिकारियों को समन्वय बनाकर कैम्पेन के तहत व्यापक स्तर पर गतिविधियां करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक महरिया ने बताया कि कैम्पेन के तहत डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान स्लोगन पर आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में सभी पीएमओ, बीसीएमओ, चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं। आरसीएचओ डॉ. विशाल सिंह ने बैठक में बताया कि स्टॉप डायरिया अभियान के तहत आशा सहयोगिनियों द्वारा जिले के पांच वर्ष से छोटे बच्चों को घर घर जाकर प्रति दो ओआरएस पैकेट एवं गोलियों का वितरण किया जाएगा, साथ ही माता पिता एवं अभिभावकों को ओआरएस घोल बनाने की विधि व जिंक की गोली के सेवन की विधि एवं खुराक के बारे में जानकारी दी जाएगी।

सभी चिकित्सा संस्थानों में ओआरएस-जिंक कॉर्नर स्थापित किए जाएंगे तथा कॉर्नर पर ओआरएस घोल बनाने की विधि का प्रदर्शन, जिंक गोली के सेवन की विधि एवं खुराक बताई जाएगी। अभियान के दौरान स्वच्छता व साफ सफाई से संबंधित आमजन को जागरूक किया जाएगा।

## जनगणना कार्य का निरीक्षण, घर-घर पहुंचे तहसीलदार



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** जनगणना चार्ज अधिकारी तहसीलदार अनिरुद्ध देव पांडे द्वारा जनगणना कार्य निरीक्षण के लिए ग्राम पंचायत कसूम्बी का दौरा कर घर घर जाकर निरीक्षण किया। जिन घरों पर स्पष्ट भवन नंबर अंकित नहीं थे, उन संबंधित प्रगणकों को स्पष्ट भवन नंबर अंकित करने हेतु निर्देशित किया। इसके बाद पीईईओ, विद्यालय कसूम्बी अलीपुर में समस्त प्रगणकों एवं सुपरवाइजर की मीटिंग लेकर उनको आंकड़ों की गुणवता बनाए रखने के लिए निर्देशित किया और समयबद्ध कार्य को संपादित करने के दिशा निर्देश दिए। इस निरीक्षण में सहायक प्रोग्रामर राकेश शर्मा, भू अभिलेख निरीक्षक गोपाल राम, फील्ड ट्रेनर रामनिवास स्वामी, सुपरवाइजर सुरेश स्वामी, गोपाल सिंह, भंवर दास स्वामी आदि उपस्थित रहे।

## इंटरनेट सेवाएं बहाल : कानून-व्यवस्था सामान्य होने पर प्रशासन का निर्णय

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कानून एवं शांति व्यवस्था की स्थिति सामान्य होने के बाद प्रशासन ने इंटरनेट सेवाएं पुनः बहाल कर दी हैं। संभागीय आयुक्त वी. सरवण कुमार द्वारा जारी आदेश के अनुसार पुलिस आयुक्तालय जयपुर से प्राप्त रिपोर्ट में इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध बनाए रखने की आवश्यकता नहीं बताई गई, जिसके बाद पूर्व में जारी अस्थायी निलंबन आदेश में संशोधन कर सेवाएं तत्काल प्रभाव से शुरू करने के निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि जयपुर विकास प्राधिकरण जेडीए की प्रस्तावित अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जयपुर उत्तर और जयपुर पूर्व जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया गया था। इसके तहत मोबाइल इंटरनेट के साथ-साथ बल्क एसएमएसए एमएमएसए व्हाट्सएपए फेसबुकए एक्स पूर्व में ट्विटर और अन्य सोशल मीडिया सेवाओं को 8 जून की मध्यरात्रि से 9 जून की मध्यरात्रि तक बंद रखने के आदेश जारी किए गए थे। पुलिस प्रशासन द्वारा स्थिति की लगातार समीक्षा के बाद पाया गया कि संबंधित क्षेत्रों में कानून एवं व्यवस्था पूरी तरह सामान्य और नियंत्रण में है। इसके आधार पर इंटरनेट सेवाओं को निर्धारित समय से पहले ही बहाल करने का निर्णय लिया गया।

जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने आमजन से शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करें।

## राठौड़ बोले-गहलोत के सांस लेने के पीछे भी राजनीति

### पूनिया ने कहा-उनकी छवि तिकड़मबाज; कांग्रेस के पूर्व विधायक बोले- बुढ़ापे में ऐसा हो जाता है



**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सचिन पायलट को लेकर दिए गए बयान पर भाजपा नेताओं ने पलटवार किया है। सोमवार को बीजेपी और कांग्रेस के नेताओं ने इस पर प्रतिक्रिया दी। सतीश पूनिया ने कहा- अशोक गहलोत की छवि एक तरह के तिकड़मबाज, एडजस्टमेंट, मैनेजमेंट वाली और नेहरू-गांधी खानदान को खुश करने वाली है। वहीं, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा- अशोक गहलोत वो नेता हैं, जो सांस भी लेते हैं, तब भी उसके पीछे कोई ना कोई राजनीति रहती है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा- कांग्रेस में सचिन पायलट को नई जिम्मेदारी देने की चर्चा चल रही है। ऐसे में गहलोत छटपटा रहे हैं।

### राठौड़ बोले- गहलोत सांस भी लेते हैं तो राजनीति करते हैं

गहलोत के बयान पर राजेंद्र राठौड़ ने कहा- इस दर्द की कोई दवा नहीं है। जब भी मौका लगता है, यह फूट पड़ता है। कांग्रेस की आपस की सिर फुटव्वल किसी से छिपी नहीं है। कांग्रेस की ए टीम और बी टीम एक दूसरे पर गोल दागती जा रही है। राजेंद्र राठौड़ ने कहा- गहलोत को आज कांग्रेस आलाकमान पूछ नहीं रहा है। पहले उन्होने आलाकमान की मिजाजपुर्सी (हालचाल पूछना) में कोई कमी नहीं छोड़ी। अब वे विद्रोही तेवर दिखाकर आलाकमान में स्थान बनाना चाहते हैं। हम सबको मालूम है कि आज कांग्रेस पार्टी के पुनर्गठन का दौर जारी है। उन्होंने कहा- इस तरह की बयानबाजी करके चर्चा में रहना उनकी आदत में शुमार है। राजस्थान में अशोक गहलोत वो नेता हैं, जो सांस भी लेते हैं, तब भी उसके पीछे कोई ना कोई राजनीति रहती है। वो दिन-रात राजनीति में लिप्त रहने वाले नेता हैं। हालांकि कांग्रेस में प्रासंगिकता के सवाल पर उन्होने कहा- वे तीन बार के मुख्यमंत्री रहे हैं। एनएसयूआई से उन्होने राजनीति की शुरुआत की थी। कोई भी पूर्व मुख्यमंत्री अप्रासंगिक हो ही नहीं सकता है।

## राज्यसभा चुनाव : डॉ. पूनिया और डॉ. अलका गुर्जर ने भरा नामांकन

जयपुर (नवयत्न)।

भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा उम्मीदवार डॉ. सतीश पूनिया और डॉ. अलका गुर्जर ने सोमवार को राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा सहित पार्टी के कई मंत्री, विधायक और वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। नामांकन से पूर्व भाजपा प्रदेश मुख्यालय में दोनों उम्मीदवारों का स्वागत एवं सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया।

नामांकन के बाद डॉ. सतीश पूनिया ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि भाजपा ने एक साधारण कार्यकर्ता पर भरोसा जताकर उसे देश की सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्थाओं में प्रतिनिधित्व का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं और पार्टी हमेशा समर्पण, मेहनत तथा संगठन के प्रति निष्ठा का सम्मान करती है। पूनिया ने कहा कि राज्यसभा में पहुंचने के बाद वे राजस्थान के हितों, किसानों, युवाओं, महिलाओं और प्रदेश के विकास से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और वे उसी सोच को आगे बढ़ाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। पार्टी नेतृत्व द्वारा जताए गए विश्वास को पूरी निष्ठा,



ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। वहीं राज्यसभा उम्मीदवार डॉ. अलका गुर्जर ने कहा कि भाजपा ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, वह केवल व्यक्तिगत सम्मान नहीं बल्कि महिलाओं, वंचित वर्गों और संगठन के लाखों कार्यकर्ताओं का सम्मान है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा महिलाओं को नेतृत्व और प्रतिनिधित्व के अवसर दिए हैं तथा राज्यसभा में पहुंचकर वे महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास से जुड़े विषयों को प्रमुखता से उठाएंगी।

डॉ. अलका गुर्जर ने कहा कि महिला को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाकर भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम की भावना को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा उनके लिए प्राथमिक मुद्दा रहेगा और देश के सर्वोच्च सदन में इस विषय को प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और सुरक्षा के लिए लगातार कार्य कर रही है।

गुर्जर समाज से जुड़े मुद्दों पर उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा समाज के हितों में काम किया है। नामांकन से पूर्व भाजपा मुख्यालय में बड़ी संख्या में गुर्जर समाज की महिलाएं भी पहुंचीं। महिलाओं ने पारंपरिक नृत्य और गीतों के माध्यम से डॉ. अलका गुर्जर को राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने पर खुशी व्यक्त की और जश्न मनाया।

## बिना शादी सहमति से संबंध खराब चरित्र का आधार नहीं

### सुप्रीम कोर्ट बोला- रिश्ता टूटने को धोखा नहीं मान सकते, कांस्टेबल की नियुक्ति को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि दो अविवाहित बालिगों के बीच सहमति से बने शारीरिक संबंध को किसी व्यक्ति के चरित्र पर सवाल उठाने का आधार नहीं बनाया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि ऐसा कोई कानून नहीं है, जो दो बालिग और अविवाहित लोगों को अपनी पसंद का संबंध रखने से रोकता हो। रिश्ता टूटने को धोखा नहीं माना जा सकता। जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने यह टिप्पणी तेलंगाना स्टेट लेवल पुलिस रिक्रूटमेंट बोर्ड के एक मामले की सुनवाई के दौरान की। बोर्ड ने आरोपी को नैतिक दोषी मानते हुए उसकी भर्ती रद्द कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कैंडिडेट को पुलिस में नियुक्ति देने का निर्देश दिया।

**बोर्ड ने नियुक्ति के अयोग्य ठहरा दिया था**- उम्मीदवार की नियुक्ति रद्द की गई थी क्योंकि उसके खिलाफ 2014 में शादी का वादा कर दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ था। भर्ती बोर्ड ने इसे नैतिक अधमता (मॉरल टरपिट्यूड) का मामला मानते हुए उसे अयोग्य ठहराया था। कैंडिडेट ने इसे चुनौती दी थी। हालांकि, यह मामला एक असफल प्रेम संबंध से जुड़ा था। रिकॉर्ड के अनुसार, उम्मीदवार और शिकायतकर्ता पड़ोसी थे और करीब चार साल तक रिश्ते में रहे थे। बाद में उम्मीदवार के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कराया गया था। बाद में दोनों के बीच समझौता हो गया और 2015 में लोक अदालत में मामला खत्म कर दिया गया था।


**आरोप साबित होने तक निर्दोष**-सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आपराधिक कानून में तब तक निर्दोष मानने का सिद्धांत लागू होता है, जब तक अदालत में आरोप साबित न हो जाएं। इस मामले में आरोप धोखाधड़ी का था। धोखाधड़ी साबित करने के लिए यह दिखाना जरूरी होता है कि किसी व्यक्ति को झूठे बहाने से गुमराह किया गया। शिकायतकर्ता ही बता सकती थी कि क्या उसे धोखा देकर संबंध में लाया गया था।

## चांदी 12,608 गिरकर 2.41 लाख किलो पर आई : 8 दिन में 22 हजार की गिरावट

### सोना आज 2749 टूटा, 10 ग्राम की कीमत 1.51 लाख

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव की वजह से आज यानी 8 जून को सोने-चांदी के दाम में गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम आज 2,749 रुपए गिरकर 1.51 लाख रुपए हो गया है। वहीं, 1 किलो चांदी की कीमत 12,608 रुपए कम होकर 2.44 लाख रुपए पर आ गई है। 31 मई को चांदी की कीमत 2,63,350 रुपए थी। एक्सपर्ट्स के अनुसार जियो पॉलिटिकल टेंशन के चलते लोग मार्केट से पैसा निकालकर अपने पास कैश रख रहे हैं। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 25 हजार रुपए सस्ता हो चुका है। वहीं, चांदी के कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गई थी। तब से अब तक 130 दिन में चांदी 1.42 लाख रुपए सस्ती हो गई है।

## कोबरी-सार



## ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी पर चढ़ाई कार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** करधनी थाना क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान एक तेज रफ्तार कार चालक ने पुलिसकर्मी को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोपी ने बैरिकेड्स तोड़ते हुए सड़क किनारे खड़े कॉन्स्टेबल को कार से कुचल दिया। घायल पुलिसकर्मी को एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कियाए जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। जांच अधिकारी एसआई चमन लाल के अनुसार जयपुर पुलिस लाइन में तैनात हेड कांस्टेबल दशरथ सिंह 52 ने करधनी थाने में मामला दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि 6-7 जून की दरमियानी रात उनकी ड्यूटी झोटवाड़ा स्थित एसपी ऑफिस के पास 9 दुकानों के सामने नाकाबंदी में लगी हुई थी। उनके साथ कॉन्स्टेबल अमित गजराज, विक्रम और सुनीता भी तैनात थे। रात करीब 2:15 बजे झोटवाड़ा की ओर से एक कार तेज गति से आती दिखाई दी। पुलिसकर्मियों ने वाहन रोकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने कार की रफ्तार और बढ़ा दी। कार ने नाकाबंदी में लगे कई बैरिकेड्स को टक्कर मारकर तोड़ दिया और एक पेड़ से टकराने के बाद सड़क किनारे खड़े कॉन्स्टेबल अमित गजराज 43 को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर लगने के बाद कॉन्स्टेबल सड़क पर गिर गया, लेकिन चालक ने वाहन रोकने के बजाय उसके ऊपर कार चढ़ा दी। इसके बाद आरोपी भागने का प्रयास करने लगाए लेकिन मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। हेड कांस्टेबल दशरथ सिंह ने बताया कि घायल अमित गजराज कार के नीचे फंस गए थे। राहगीरों की मदद से कार को उठाकर उन्हें बाहर निकाला गया। हादसे में उनके हाथ और पसलियों में फ्रैक्चर हो गया। उन्हें तत्काल एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी चालक हजारी गुर्जर 30 निवासी गांव काली धोबड़ी, सांभर एवं हाल निवासी गोविंदपुरा, करधनी, शराब के नशे में वाहन चला रहा था। मेडिकल जांच में उसके शरीर में 183.6 मिलीग्राम अल्कोहल पाया गया। आरोपी टैक्सी चालक का काम करता है। करधनी थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सोमवार सुबह न्यायालय में पेश कियाए जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

## एनडीपीएस केस में 2 आरोपियों को 14 साल कैद

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश तारानगर संतोष कुमार मीणा की अदालत ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में 2 आरोपियों को दोषी मानते हुए 14 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर एक-एक लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे अपर लोक अभियोजक पंकज कुमार स्वामी ने बताया कि साहवा पुलिस थाने में दर्ज प्रकरण एफआईआर नंबर 66/19, सेशन केस नंबर 23/19 में आरोपी रोशनलाल पुत्र अमीलाल व रमेश कुमार पुत्र हनुमान को दोषी पाया गया। मानते हुए धारा 8/22 एनडीपीएस और 8/22, 25 एनडीपीएस में दोषसिद्ध मानते हुए 14 साल का कठोर कारावास और 1,00000/- रुपये अर्थदंड से दंडित किया। आदेश में कहा गया कि अर्थदंड राशि जमा नहीं करवाने पर 2 साल का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। उक्त प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक पंकज कुमार स्वामी ने की।

## दिनदहाड़े घर के बाहर से वॉशिंग मशीन चोरी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के मुहाना थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े चोरी की एक हैरान करने वाली वारदात सामने आई है। बाइक सवार दो बदमाश एक घर के बाहर रखी वॉशिंग मशीन को महज एक मिनट में चोरी कर फरार हो गए। पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार चोरी की यह वारदात मुहाना मंडी स्थित केसर चौराहा निवासी भगवत सिंह राजावत के घर पर हुई। सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि बाइक पर सवार दो युवक पहले घर के आसपास रेकी करते हैं। इसके बाद दोनों घर के मुख्य गेट के बाहर रुकते हैं। जहां पीछे बैठा युवक बाइक से उतरकर मुख्य गेट खोलता है और सीधे घर के पोर्च में पहुंच जाता है। वहां रखी वॉशिंग मशीन को उठाकर बाहर लाता है और बाइक पर रख देता है। इसके बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो जाते हैं। पूरी वारदात करीब एक मिनट के भीतर अंजाम दी गई। कुछ देर बाद परिजनों ने बाहर आकर देखा तो वॉशिंग मशीन गायब मिली। संदेह होने पर घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग देखी गई, जिसमें चोरी की पूरी घटना सामने आई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बाइक सवार दोनों आरोपियों की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। आसपास के क्षेत्रों के कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

# राज्यसभा चुनाव : डॉ. सतीश पूनिया और डॉ. अलका गुर्जर ने भरा नामांकन

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा उम्मीदवार डॉ. सतीश पूनिया और डॉ. अलका गुर्जर ने सोमवार को राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा सहित पार्टी के कई मंत्री, विधायक और वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। नामांकन से पूर्व भाजपा प्रदेश मुख्यालय में दोनों उम्मीदवारों का स्वागत एवं सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। नामांकन के बाद डॉ. सतीश पूनिया ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि भाजपा ने एक साधारण कार्यकर्ता पर भरोसा जताकर उसे देश की सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्थाओं में प्रतिनिधित्व का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं और पार्टी हमेशा समर्पण, मेहनत तथा संगठन के प्रति निष्ठा का सम्मान करती है। पूनिया ने कहा कि राज्यसभा में पहुंचने के बाद वे राजस्थान के हितों, किसानों, युवाओं, महिलाओं और प्रदेश के विकास से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और वे उसी सोच को आगे बढ़ाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। पार्टी नेतृत्व द्वारा जताए गए विश्वास को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। वहीं राज्यसभा उम्मीदवार डॉ. अलका गुर्जर ने कहा कि भाजपा ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, वह केवल व्यक्तिगत सम्मान नहीं बल्कि महिलाओं, वंचित वर्गों और संगठन के लाखों कार्यकर्ताओं का सम्मान है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा महिलाओं को नेतृत्व और प्रतिनिधित्व के अवसर दिए हैं तथा राज्यसभा में पहुंचकर वे महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास से जुड़े विषयों को प्रमुखता से उठाएंगी। डॉ. अलका गुर्जर ने कहा कि महिला को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाकर भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम की भावना को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा उनके लिए प्राथमिक मुद्दा रहेगा और देश के सर्वोच्च सदन में इस विषय को प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और सुरक्षा के लिए लगातार कार्य कर रही है। गुर्जर समाज से जुड़े मुद्दों पर उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा समाज के हितों में काम किया है। नामांकन से पूर्व भाजपा मुख्यालय में बड़ी संख्या में गुर्जर समाज की महिलाएं भी पहुंचीं। महिलाओं ने पारंपरिक नृत्य और गीतों के माध्यम से डॉ. अलका गुर्जर को राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने पर खुशी व्यक्त की और जश्न मनाया।

## गौसेवा कर मनाया भामाशाह गोयल का जन्मदिन



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** श्रीकृष्ण माँ जालपा भवानी गौशाला तारानगर में तारानगर के भामाशाह और बेंगलौर प्रवासी ताराचंद गोयल का 77वां जन्मदिन गौ सेवा के साथ समिति के सदस्यों ने धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर समिति सदस्यों ने छायादार पौधा लगा कर एवं गौमाता को दलिया का प्रसाद, हरी सब्जी एवं तरबूज का भोग लगा कर ताराचंद गोयल की लम्बी उम्र की कामना की। इस अवसर पर खेमचंद सगतानी, लीलाधर मित्तल, किशोर सुराणा, प्रवीण गोयल, प्रहलाद शर्मा, पवन बंसल केजड़ीवाल, जयवीर सिंह एवं गौशाला के सभी गौ सेवक उपस्थित रहे।

## कायमखानी समाज ने लखारा का किया अभिनंदन



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** सामाजिक सरोकार एवं जनहित कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले लखारा समाज अध्यक्ष एवं बड़ी ईदगाह कमेटी के सचिव हाजी बाबूलाल लखारा को उनकी सेवा और समर्पण के लिए कायमखानी विकास परिषद द्वारा सम्मानित किया गया। परिषद की ओर से आयोजित समारोह में लखारा को शॉल, साफा एवं अभिनन्दन पत्र भेंट कर उनकी सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि लखारा ने सदैव समाज के विकास, आपसी भाईचारे को प्राथमिकता देते हुए कार्य किए हैं। इस अवसर पर कायमखानी विकास परिषद के अध्यक्ष पूसे खान,, उपाध्यक्ष शबीर खान लाडवान, प्रसिद्ध शायर यासीन अख्तर, यासीन खान फतेहखानी सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने उनके सामाजिक योगदान की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की सराहना की। लोगों उन्हें सम्मान के लिए शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ भविष्य की कामना की है।

# राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन, महंगाई और नीट पेपर लीक पर जताया रोष

निसं



**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवलगढ़ एवं मुकुंदगढ़ के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सोमवार को देश में बढ़ती महंगाई तथा नीट परीक्षा पेपर लीक जैसी अनियमितताओं के विरोध में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन उपखंड अधिकारी के माध्यम से भेजा गया। ज्ञापन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि देश की परीक्षा प्रणाली में लगातार गड़बड़ियां सामने आ रही हैं, जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने नीट परीक्षा पेपर लीक मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इसके साथ ही ज्ञापन में बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कीमतों को लेकर भी चिंता जताई गई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आमजन और किसान परिवार आर्थिक दबाव में हैं, ऐसे में सरकार को राहत देने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच कराने की भी मांग रखी। ज्ञापन में कहा गया कि युवाओं के भविष्य और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए सरकार को तत्काल प्रभाव से कदम उठाने चाहिए। इस दौरान नवलगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलदेव सैनी, मुकुन्दगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेश मेघवाल, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष कैलाश चोटिया, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष शहजाद चोपदार, पार्षद अदनान खत्री, पार्षद आरिफ चौहान, सुरेन्द सैनी कलवानिया, सुरेन्द्र सैनी चिराना, पूर्व पार्षद रफीक लंगा, ओमी पंडित, योगेश सैनी सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दिनदहाड़े घर में हुई चोरी के खुलासे की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

श्रवण सारस्वत



**रींगस ( नवयत्न )।** शहर में 5 जून को शिक्षाविद् डॉ अजय सक्सेना के घर दिन दहाड़े हुई लाखों की चोरी के मामले में अभी तक कोई खुलासा नहीं होने पर शहर के प्रबुद्ध नागरिकों, शिक्षण संस्थाओं, पूर्व पार्षदों, व्यापार मंडल एवं स्वयंसेवी संस्थाओं एवं विभिन्न राजनीति के पदाधिकारी के साथ पीड़ित डॉक्टर अजय सक्सेना ने सोमवार दोपहर उपखंड अधिकारी बृजेश गुप्ता को ज्ञापन दिया। आक्रोशित कस्बेवासियों व पीड़ित डॉ अजय सक्सेना ने उपखंड कार्यालय में एसडीएम बृजेश कुमार को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया कि 5 जून को डाक्टर अजय सक्सेना के घर दिन दहाड़े हुई चोरी में चोरों ने 9 लाख नकद व 10 लाख के सोने-चांदी के गहने चोरी कर फरार हो गए। जिनका चार दिन बाद भी पुलिस कोई सुराग नहीं लगा पाई। ज्ञापन के दौरान आक्रोशित लोगों ने कहा कि यदि शीघ्र चोरी का खुलासा नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन होगा। लोगों ने बताया कि विगत दो-तीन सालों में पुलिस ने किसी भी चोरी का खुलासा नहीं किया है पहले चोरी जहां रात को होती थी अब तो दिनदहाड़े होने लगी। ज्ञापन देने के दौरान डाक्टर अजय सक्सेना, कविता सक्सेना, प्रदीप शर्मा, राधा कृष्ण रणवा, पूर्व पालिका अध्यक्ष अशोक कुमावत, पूर्व उपाध्यक्ष अमीत शर्मा, संजय डाकवाल, राजु धायल, अशोक कुमावत, राजेन्द्र दम्बीवाल, राजकुमार काबरा, महेश खंडेलवाल, रमेश कुमावत, प्रेम तिवाड़ी, ब्राह्मण महासभा एवं युवा विकास मंच के पूर्व अध्यक्ष गोविंद शर्मा, युवा विकास मंच के अध्यक्ष आर्यन पारीक, रोटरी क्लब के अध्यक्ष अर्जुन सिंह लांबा, ब्राह्मण महासभा के संरक्षक शंभू दयाल वैध सहित कस्बेवासी मौजूद रहे।

## जरूरतमंद के लिए करवाया युवाओं से रक्तदान



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** जरूरतमंद लोगों के लिए लोगों ने रक्तदान किया है। भर्ती एक मरीज के हिमोग्लोबिन कम होने पर रक्त की आवश्यकता पड़ी। जिस पर सद्दाम खान कादरी की प्रेरणा से राजेंद्र दुसाद कसुंबी, दीपक जांगिड़, इरफान खिलजी आदि ने ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया। सद्दाम कादरी ने कहा कि इन लोगों ने जरूरतमंद के लिए रक्तदान कर मानवता की मिशाल पेश की है।

## प्रगतिशील प्रजापति समाज की मासिक बैठक आयोजित



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** कस्बे में प्रगतिशील प्रजापति समाज की मासिक बैठक प्रगतिशील प्रजापति छात्रावास में बजरंग लाल जलंद्रा माता जी की ढाणी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संस्था की आगामी योजनाओं एवं समाज हित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान महेंद्र कुमावत के खेतड़ी पंचायत समिति में बीडीओ का कार्यभार ग्रहण करने तथा सारिका कुमावत के राजस्थान सीनियर हाई जंप प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने पर उनके पिता एडवोकेट सुभाष कुमावत का समाज की ओर से साफा एवं माला पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने समाज की उन्नति,, शिक्षा को बढ़ावा देने तथा सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने युवाओं को शिक्षा, खेल एवं प्रशासनिक सेवाओं में आगे बढ़कर समाज का नाम रोशन करने का आह्वान किया। अंत में संस्था अध्यक्ष रामावतार वर्मा ने सभी अतिथियों एवं समाजबंधुओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में शिवप्रसाद, हिम्मत सिंह कॉपर, अशोक कुमार शिमला, बाबूलाल जलंद्रा, बाबूलाल बबाई, महेश पॉपुलर, बाबूलाल माधोगढ़, जयसिंह कुमावत, नेमीचंद जोधपुरिया, धर्मपाल गोठड़ा, कृष्ण कुमार बबाई, राजेश जलंद्रा जसरापुर, मनजीत जलंद्रा, चिरंजी लाल, महावीर, एडवोकेट सुभाष कुमावत, ओम प्रकाश, चंद्रकांत वर्मा, मोहित कुमार, राजू जलंद्रा, सुभाष, भंवरलाल सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# 18 माह से गंदे पानी में मुख्य मार्ग, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

## सड़क बंद कर प्रशासन को दी चेतावनी

निसं

**टमकोर ( नवयत्न )।** लंबे समय से प्रशासनिक उदासीनता का सामना कर रहे टमकोर के ग्रामीणों का सब्र आखिरकार सोमवार को टूट गया। गांव के बस स्टैंड स्थित मुख्य सड़क, जो जाबासर होते हुए मलसीसर और झुंझुनूं को जोड़ती है को ग्रामीणों ने पत्थर और लकड़ियां डालकर बंद कर दिया। करीब 18 माह से सड़क पर जमा गंदे और बदबूदार पानी से परेशान लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि मंगलवार सुबह तक सफाई कार्य शुरू नहीं हुआ तो गांव के अन्य प्रमुख रास्तों को भी बंद कर दिया जाएगा। ग्रामीणों के अनुसार सड़क किनारे बना गंदे पानी का नाला पिछले लगभग डेढ़ वर्ष से बंद पड़ा है, जिसके कारण सारा गंदा पानी मुख्य सड़क पर जमा रहता है।

इस समस्या को लेकर मुख्यमंत्री शिकायत पोर्टल, ग्राम पंचायत, पंचायत समिति सहित विभिन्न प्रशासनिक स्तरों पर बार-बार शिकायतें दर्ज करवाई गई लेकिन आज तक समाधान नहीं हो पाया। यह सड़क टमकोर की जीवनरेखा मानी जाती है जो मलसीसर, झुंझुनूं सहित आसपास के अनेक गांवों को जोड़ती है। प्रतिदिन हजारों ग्रामीण, विद्यार्थी, कर्मचारी और व्यापारी इसी मार्ग से आवागमन करते हैं लेकिन उन्हें मजबूरन गंदे और बदबूदार पानी के बीच से गुजरना पड़ रहा है।

### बस सेवा भी हुई प्रभावित

ग्रामीणों द्वारा सड़क बंद किए जाने के बाद झुंझुनू से आने वाली बसें गांव के बस स्टैंड तक नहीं पहुंच सकी और गांव के बाहर ही खड़ी रही। इससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा तथा उन्हें पैदल आवाजाही करनी पड़ी।

### कारोबार पर पड़ा असर

मुख्य सड़क पर स्थित दुकानदारों का कहना है कि जलभराव के कारण उनका व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है। मनीराम प्रजापत पीड़ित दुकानदारने बताया कि मेरी हार्डवेयर की दुकान इसी सड़क पर स्थित है।

पिछले लगभग 18 माह से दुकान के सामने गंदा पानी भरा हुआ है। ग्राहक आने से कतराते हैं जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। बदबू इतनी अधिक है कि दुकान पर बैठना और सांस लेना तक मुश्किल हो गया है।

### बार-बार शिकायतों के बाद भी नहीं हुआ समाधान

वार्ड पंच जुगलकिशोर और कृष्ण प्रजापत ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिले। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन की लगातार अनदेखी के कारण उन्हें यह कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

### बड़ा सवाल

जब एक मुख्य सड़क पर 18 माह तक गंदा पानी जमा रहे, हजारों लोग रोजाना परेशानी झेलें, दुकानदारों का कारोबार प्रभावित हो और बार-बार शिकायतों के बावजूद समाधान न हो, तो यह प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन ग्रामीणों की इस चेतावनी को कितना गंभीरता से लेता है और समस्या का स्थायी समाधान कब तक करता है।



### प्रस्ताव बहुत हुए लेकिन जमीन पर काम शून्य

वार्ड पंच एवं स्थानीय निवासी कृष्ण प्रजापत ने ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले दो वर्षों से ग्राम पंचायत की बैठकों में सफाई और जल निकासी के प्रस्ताव लिए जा रहे हैं लेकिन धरातल पर कोई कार्य नहीं हुआ। ग्रामीणों ने एक सड़क बंद की है। यदि मंगलवार सुबह तक समाधान शुरू नहीं हुआ तो गांव के सभी मुख्य रास्ते बंद कर दिए जाएंगे। इसके बाद उत्पन्न होने वाली स्थिति की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### समझाइश के लिए पहुंचे अधिकारी, ग्रामीण अड़े

सड़क बंद होने की सूचना मिलने पर सहायक विकास अधिकारी विमल जांगिड़ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से समझाइश की। हालांकि ग्रामीणों ने साफ शब्दों में कहा कि अब केवल आश्वासन नहीं बल्कि धरातल पर कार्रवाई चाहिए। जब तक सफाई और जल निकासी का कार्य शुरू नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा।

## गौभक्तों ने गौशाला में दिया सहयोग, समिति ने जताया आभार

निसं



**बुगाला ( नवयत्न )।** ग्राम की गौशाला में गोभक्त बढ़ चढ़ कर सहयोग कर रहे हैं। कैप्टन महेश बुगालिया ने बताया कि धारासिंह पुत्र श्योराम बुगालिया ने गौसेवा हेतु एक लाख रुपए की सहयोग राशि भेंट की। साथ ही बरजी देवी पत्नी शुभकरण सिंह बुगालिया ने 71 हजार तथा संतोष देवी पत्नी चुन्नीलाल बुगालिया ने 31 हजार रुपए गौशाला को सौंपकर गौवंश के संरक्षण और सेवा कार्यों में अपना योगदान दिया है। इस अवसर पर गौशाला पदाधिकारियों ने गोभक्तों का अभिनंदन करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही गोशाला में निराश्रित एवं असहाय गौवंश की सेवा सुचारू रूप से संचालित हो रही है।

उन्होंने अन्य लोगों से भी गौसेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया। महेंद्र केडिया ने कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है तथा प्रत्येक व्यक्ति को अपनी सामर्थ्य के अनुसार गौवंश के संरक्षण में योगदान देना चाहिए। गोशाला समिति ने उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान गोशाला समिति के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# देवनारायण सेवा समिति ने करवाया पेयजल टंकी का निर्माण

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड क्षेत्र के दुधवा में सोमवार को देवनारायण सेवा समिति की ओर से बनाई गई पेयजल टंकी का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान बाबा जसनाथ महाराज थे जबकि अध्यक्षता समिति अध्यक्ष राजेंद्र गुर्जर ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने विधिवत रूप से फीता काट कर पेयजल टंकी का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बाबा जसनाथ महाराज ने कहा कि ठाढेशवर परिसर में बनाई यह पेयजल टंकी आमजन के लिए काफी फायदेमंद साबित होगी। पेयजल की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था लेकिन अब इस समस्या से निजात मिल पाएगी। सेवा समिति की ओर से समाज में शिक्षा, आपसी सहयोग, सामाजिक एकता तथा जनहित से जुड़े कार्यों को बढ़ावा देने पर विशेष चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने कहा कि समिति समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता युवाओं को सकारात्मक दिशा देने तथा सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता फैलाने का कार्य करेगी। साथ ही गांव के विकास एवं सामाजिक समरसता को मजबूत बनाने के लिए नियमित रूप से बैठकें आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। ग्रामीणों ने समिति के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे समाज के लिए एक सकारात्मक पहल बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि समिति सामाजिक एकता को मजबूत करने, युवाओं को प्रेरित करने तथा जनहित के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने समाज के विकास और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

इस दौरान पक्षियों के लिए परिंडे भी लगाएं। इस मौके पर ईश्वर सिंह, भोजराज, साधुराम, बंशीधर, दलीप, धर्मवीर गुर्जर, सतपाल रावत, घनश्याम, नेतराम, दीपक, नरेंद्र, लालचंद, सुखदेव, लोकेंद्र, विक्रम, भूपसिंह, संदीप, बुधराम, संजय, लेखराज, कमलेश, राम खिलाड़ी, महेंद्र, देशराज सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# संस्कार केंद्र में किया प्रसाद का वितरण



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** श्री श्याम सखी मंडलए सुजानगढ़ द्वारा स्थानीय रामगोपाल गाडोदिया प्राथमिक आदर्श विद्या मंदिर द्वारा संचालित बाबा रामदेव सरस्वती संस्कार केंद्र में पुरुषोत्तम माह के पावन अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्कार केंद्र के भैया-बहनों को बाबा श्याम के प्रसाद स्वरूप कचोरी एवं मालपुआ का वितरण किया गया तथा गर्मी से राहत प्रदान करने हेतु आइसक्रीम भी वितरित की गई। केंद्र परिवार द्वारा इस अवसर को उत्सव के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य विशाल जैन ने संस्कार केंद्र के संचालन की प्रस्तावना रखते हुए उपस्थित माताओं को केंद्र के उद्देश्यों एवं गतिविधियों से अवगत कराया। मंडल अध्यक्ष कांता शर्मा ने बालकों को प्रेरणादायक उद्बोधन प्रदान करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया।

# विश्नोई को हराकर रितुराज ने जीता खिताब





निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** कस्बे के कचियागढ़ में गुरुकृपा स्पोर्ट्स एकेडमी के इंडोर मैदान पर आयोजित श्रीमाधोपुर बैडमिंटन लीग 02 प्रतियोगिता को सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता के एकल फाइनल में जयपुर के शिशुपाल विश्नोई को हराकर रितुराज ने खिताब अपने नाम किया। वहीं युगल ऑपन में मुकुल जांगिड़ व मयंक सैनी सीकर की जोड़ी को हराकर जयपुर के ही रितुराज व शिशुपाल विजेता रहे। वेटर्न के मुकाबले में 40 प्लस कैटेगरी में अनिल कटारिया और राजेश मारवाल श्रीमाधोपुर ने फुलेरा के बसंत व ओमप्रकाश की जोड़ी को हराकर जीत दर्ज की। 30 प्लस के मुकाबले में सीकर के अखिल माथुर और संदीप की जोड़ी विजेता रही जिसमें उपविजेता राजेश मारवाल-दीपक की जोड़ी श्रीमाधोपुर से रही। 35 प्लस सिंगल्स के मुकाबले में अखिल माथुर सीकर से विजेता रहे और राजेश मारवाल श्रीमाधोपुर से उपविजेता रहे। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को अतिथि रोटेरियन संतोष सोनी व रामेश्वर मारवाल ने चैम्पियनशिप ट्रॉफियां व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। बैडमिन्टन संघ के तहसील सचिव कमलेश पारीक के सानिध्य में आयोजित प्रतियोगिता में अजय मऊवाला, अनिल मीणा रींगस, अनिल कटारिया, करण भादुका, भंवर सैनी शारीरिक शिक्षक अखिल कुमार का विशेष सहयोग रहा। टूर्नामेंट में सीकर, जयपुर, शाहपुरा, नीमकाथाना, फुलेरा सहित श्रीमाधोपुर के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। समापन अवसर पर अतिथियों को आयोजक सीताराम बिजारनियाँ ने एक पौधा भेंट कर सम्मानित किया।

# गोयनका की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित



निसं

**डूंडलोद ( नवयत्न )।** कस्बे के सामुदायिक भवन में प्रख्यात उद्योगपति एवं समाजसेवी स्वर्गीय मोहन गोयनका की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग सहित जनपद के प्रबुद्ध जनों ने मोहन गोयनका के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मोहन गोयनका का 86 वर्ष की आयु के गत 4 जून को चेन्नई में निधन हो गया था । इस अवसर पर डॉक्टर दया शंकर जांगिड़, राघवेंद्र सिंह बोनी बना, मुकेश पारीक, सुरेश नुवावाला,, भीम सिंह, बहादुर सिंह शेखावत, राधेश्याम सैनी, हरफूल सिंह पूनिया, ललित अग्रवाल, शेर सिंह धाभाई एवं महेंद्र पाराशर ने मोहन गोयनका के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किए जा रहे लोक कल्याण कार्यों की जानकारी दी। मोहन गोयनका फाउंडेशन के स्थानीय प्रबंधक उमेश मिश्रा ने मोहन गोयनका के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक योगदान को याद किया। उन्होंने बताया कि मोहन गोयनका ने महिला उत्थान एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। साथ ही किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए हर वर्ष उन्नत किस्म के बीजों का नि:शुल्क वितरण भी कराया जाता था। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की विरासत एवं संस्कृति को संरक्षित करने के उद्देश्य से मोहन गोयनका ने हेरिटेज संरक्षण में विशेष योगदान दिया तथा संग्रहालय की स्थापना कर इतिहास को सहेजने का कार्य किया। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बाल उद्यान का निर्माण भी उनके महत्वपूर्ण कार्यों में शामिल रहा। सभा के अंत में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# अस्पतालों और आरोग्य मंदिरों में मिलेगी नि:शुल्क एएनसी सेवाएं

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान पीएमएसएमए के सफलतापूर्वक 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 9 जून को जयपुर प्रथम जिले के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को विशेष रूप से गर्भावस्था की द्वितीय एवं तृतीय तिमाही के दौरान प्रत्येक माह की 9 तारीख को नि:शुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व देखभाल एएनसी सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि विस्तारित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान ई-पीएमएसएमए के तहत प्रत्येक माह की 18 एवं 27 तारीख को उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की नाम आधारित ट्रैकिंग, अतिरिक्त फॉलोअप विजिट, रेफरल सहायता तथा प्रसव के बाद 45 दिनों तक निगरानी की जाती है। डॉ. शेखावत ने कहा कि अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों को मातृ स्वास्थ्य सेवाओं तथा अभियान के तहत उपलब्ध सुविधाओं के प्रति जागरूक करना है। इससे सम्मानजनक एवं संवेदनशील मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा और सामुदायिक सहभागिता के साथ पारिवारिक भागीदारी भी मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि 9 जून को जिले के सभी मेडिकल कॉलेजों, जिला एवं उपजिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों सीएचसी, प्रथम रेफरल इकाइयों एफआरयू, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पीएचसी तथा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों यूपीएचसी पर विशेष पीएमएसएमए दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श और उपचार प्रदान करेंगे। इसके अलावा जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में भी विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां गर्भवती महिलाओं को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# बैठक कल

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान दिव्यांग सेवा संस्थान झुंझुनू की मासिक बैठक दस जून को सुबह दस बजे शहीद करणी राम रामदेव पार्क झुंझुनू मे की जायेगी। संस्थान के प्रदेश महामंत्री राकेश कुमार सिरोवा ने बताया कि बैठक विभिन्न योजनाओं के फॉर्म तैयार किये जाएंगे तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी।

# मेगा टेस्ट के विजेता विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** सोनी नर्सिंग कोचिंग सेंटर, तारानगर द्वारा विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रतिभा को निखारने एवं प्रतिस्पर्धात्मक माहौल तैयार करने के उद्देश्य से मेगा टेस्ट एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रतिष्ठित चिकित्सकों ने सहभागिता कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ देवीलाल जोशी एवं राजेंद्र सोनी राजकीय चिकित्सालय, तारानगर रहे। वहीं संजीवनी हॉस्पिटल से डॉ धर्मेंद्र शर्मा एवं कुलदीप शर्मा, जीवनधारा हॉस्पिटल, तारानगर से डॉ राकेश एवं डॉ सरफराज तथा डॉ अनुराग शर्मा ने भी कार्यक्रम में विशेष रूप से शिरकत की। मेगा टेस्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में गगनदीप सिंह ने प्रथम स्थान, सविता ने द्वितीय स्थान, कविता ने तृतीय स्थान तथा नीतू कंवर ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्थान के संचालक राजीव सोनी ने बताया कि सोनी नर्सिंग कोचिंग सेंटर पिछले 16 वर्षों से क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है। संस्थान से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों का विभिन्न सरकारी सेवाओं एवं स्वास्थ्य विभाग में चयन हो चुका है। उन्होंने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

# बैठक आज

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** धर्म नगरी नोखा में परम पूज्य ब्रह्मानंद सरस्वती महाराज दंडी स्वामी का आषाढ़ सुदी पूर्णिमा 29 जुलाई 2026 से 21 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाले चातुर्मास व यज्ञ कार्यक्रम की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं बाबत आवश्यक बैठक लाहोटी चौक स्थित हनुमान मंदिर में 9 जून मंगलवार को सांय 5 बजे बुलाई गई है। चातुर्मास सत्संग समिति के कन्हैयालाल करवा व प्रहलाद राय मोहता ने बताया कि चातुर्मास आयोजन हेतु स्थान परिवर्तन को लेकर विचार विमर्श किया जायेगा तथा विभिन्न व्यवस्थाओं, गर्मी, वर्षा, पानी, बिजली, टैंट आदि सुविधाओं पर विचार विमर्श किया जाना है। अत: सभी धर्म प्रेमियों, कार्यकर्ताओं, सहयोगियों से आग्रह है कि बैठक में समय पर पधार कर अपने बहुमूल्य सुझाव प्रदान करें और आयोजन को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

# 1.24 करोड़ से अधिक का अवैध मादक पदार्थ जलाकर किया नष्ट

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर ग्रामीण पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए तीन थानों के 16 प्रकरणों में जब्त किए गए 1.24 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के अवैध मादक पदार्थों का निस्तारण किया। न्यायालय की अनुमति और भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सोमवार को जिला स्तरीय औषधि व्ययन समिति डीडीसी की निगरानी में 334 किलो से अधिक गांजा और डोडा पोस्त को जलाकर नष्ट किया गया। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद ने बताया कि पुलिस थाना दूदू, मोजमाबाद और मौखमपुरा के मालखानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत जब्त मादक पदार्थ बड़ी मात्रा में रखे हुए थे। जिससे अन्य मामलों में जब्त माल के सुरक्षित रख-रखाव में कठिनाई हो रही थी। इसके बाद अपराध शाखा द्वारा संबंधित थानों से प्रस्ताव प्राप्त कर कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। न्यायालय की स्वीकृति मिलने के बाद सोमवार को मौखमपुरा स्थित प्रिमियम पैट्रो प्रोडक्ट्स, खसरा नंबर-273 परिसर में मादक पदार्थों का निस्तारण किया गया। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नष्ट किए गए मादक पदार्थ में 213 किलो 200 ग्राम गांजा,120 किलो 940 ग्राम डोडा पोस्त छिलका एवं चूरा कुल वजन 334 किलो 140 ग्राम शामिल है। जिसकी अनुमानित कीमत 1 करोड़ 24 लाख 65 हजार रुपये है। इस निस्तारण प्रक्रिया के दौरान स्वतंत्र गवाहों, कंपनी प्रबंधन और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में रिकॉर्ड का मिलान कर मादक पदार्थों का वजन कराया गया। पूरी कार्रवाई की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी कराई गई। इस दौरान जिला स्तरीय औषधि व्ययन समिति के अध्यक्ष एवं एसपी हनुमान प्रसाद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय जयपुर ग्रामीण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा, वृत्ताधिकारी दूदू दीपक खंडेलवाल, थानाधिकारी मौखमपुरा सुरेश कुमार, थानाधिकारी दूदू संजय कुमार सहित दूदू, मोखमपुरा और मौजमाबाद थानों के अधिकारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# इंटरनेट बंदी से थमा जनजीवन : कारोबार पर पड़ा असर

## ऑनलाइन बुकिंग और डिजिटल भुगतान ठप, ऑटो चालक, राइडर व दुकानदार परेशान

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर में इंटरनेट सेवाएं बंद होने का असर सोमवार को आम जनजीवन और कारोबार पर साफ दिखाई दिया। ऑनलाइन भुगतान और इंटरनेट आधारित सेवाओं पर निर्भर लोगों को दिनभर परेशानियों का सामना करना पड़ा। दुकानदारों की बिक्री प्रभावित हुई, जबकि ऑनलाइन बुकिंग पर निर्भर ऑटो चालकों और होम डिलीवरी प्लेटफॉर्म से जुड़े राइडर्स का कामकाज लगभग ठप रहा। इस बीच प्रशासन ने इंटरनेट बंदी को लेकर संशोधित आदेश जारी करते हुए जयपुर पूर्व और जयपुर उत्तर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में इंटरनेट सेवा बंद रखने की अवधि बढ़ाकर 9 जून की रात 12 बजे तक कर दी है। इससे पहले इंटरनेट सेवाएं 8 जून की रात 12 बजे तक बंद रखने के आदेश जारी किए गए थे। डिवीजनल कमिश्नर वी-सरवन कुमार द्वारा जारी आदेश में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अफवाहों पर रोक लगाने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

### ऑनलाइन बुकिंग ठप

ऑटो चालक प्रेम प्रकाश ने बताया कि सुबह से एक भी ऑनलाइन बुकिंग नहीं मिली। इंटरनेट बंद होने से पूरा दिन खाली बैठना पड़ा। उन्होंने कहा कि उनकी अधिकांश आमदनी ऑनलाइन बुकिंग पर निर्भर है। वहीं ऑटो चालक दिलीप ने बताया कि वर्तमान में अधिकांश ऑटो चालक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जुड़े हुए हैं। स्टैंड पर ऑफलाइन सवारी कम मिलने के कारण इंटरनेट बंदी का सीधा असर उनकी आय पर पड़ा है। पूरे दिन एक भी ग्राहक नहीं मिलने से कमाई शून्य रही।

### डिलीवरी राइडर्स भी रहे खाली

ऑनलाइन डिलीवरी प्लेटफॉर्म से जुड़े राइडर हेमराज ने बताया कि इंटरनेट बंद होने से ऑर्डर नहीं मिल रहे हैं। सामान्य दिनों में वह प्रतिदिन एक हजार से पंद्रह सौ रुपए तक कमा लेते हैं, लेकिन सोमवार को एक भी डिलीवरी नहीं मिली। एक अन्य राइडर महेश ने बताया कि ऑनलाइन ऑर्डर बंद होने से कामकाज पूरी तरह ठप हो गया है। रोजाना की कमाई से ही घर का खर्च चलता है, लेकिन इंटरनेट बंदी के कारण आय प्रभावित हो गई है।

### कानून-व्यवस्था के मद्देनजर बढ़ाई गई इंटरनेट बंदी

गौरतलब है कि जगतपुरा क्षेत्र में सड़क सीमा में आने वाले अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इनमें कुछ धार्मिक स्थल भी शामिल हैं। कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अफवाहों को रोकने के उद्देश्य से प्रशासन ने इंटरनेट सेवाओं पर अस्थायी रोक लगाई है। आदेश के अनुसार रामगंज, गलता गेट, मानक चौक, सुभाष चौक, आमेर, ब्रह्मपुरी, नाहरगढ़, कोतवाली, जालूपुरा, संजय सर्किल, शास्त्री नगर, भट्टा बस्ती, विद्याधर नगर, जयसिंहपुरा खोर, बस्सी, कानोता, तुंगा, आदर्श नगर, ट्रांसपोर्ट नगर, जवाहर नगर, जामडोली, एसएमएस अस्पताल, गांधी नगर, लालकोठी, मोती डूंगरी, एयरपोर्ट, मालवीय नगर, जवाहर सर्किल, बजाज नगर, खो-नागोरियान, सांगानेर, प्रताप नगर, रामनगरिया और मालपुरा गेट थाना क्षेत्रों में 9 जून 2026 की रात्रि 12 बजे तक 2जी, 3जी, 4जी और 5जी मोबाइल इंटरनेट सेवाएं, बल्क एसएमएसए एमएमएस तथा व्हाट्सएपए फेसबुक और एक्स ट्विटर सहित सोशल मीडिया सेवाएं अस्थायी रूप से बंद रहेंगी। जयपुर पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल ने बताया कि शहर में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है और सोशल मीडिया गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। अफवाह फैलाने या भ्रामक जानकारी प्रसारित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### दुकानदारों की बिक्री पर पड़ा असर

छोले-कुलचे की रेहड़ी लगाने वाले अशोक, बाबूलाल और कमल ने बताया कि ग्राहक तो आ रहे हैं, लेकिन अधिकांश लोग ऑनलाइन भुगतान करना चाहते हैं। इंटरनेट सेवा बंद होने के कारण कई ग्राहक बिना खरीदारी किए लौट रहे हैं, जबकि कुछ लोग उधार में सामान लेकर बाद में भुगतान करने की बात कह रहे हैं। इधर चाय विक्रेता हनुमान ने बताया कि ग्राहकी में 50 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। अधिकांश ग्राहक डिजिटल भुगतान करते हैं, लेकिन इंटरनेट बंद होने से लेनदेन प्रभावित हो रहा है, जिससे बिक्री पर सीधा असर पड़ा है।

### कई दुकानदारों ने नहीं खोली दुकानें

शहर के विभिन्न बाजारों और व्यावसायिक क्षेत्रों में भी इंटरनेट बंदी का असर देखने को मिला। सामान्य दिनों में जहां बाजारों, बैंकों और कॉर्पोरेट कार्यालयों के आसपास चहल-पहल रहती है, वहीं सोमवार को कई डेयरी बूथ, चाय की थड़ियां और छोटी दुकानें बंद रहीं। कई दुकानदारों ने इंटरनेट सेवा बाधित रहने के कारण दुकानें नहीं खोलीं।

# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शहर के रोड नंबर 1 स्थित जयपुर आई हॉस्पिटल में रविवार को विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन अस्पताल निदेशक एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ निशांत पुरोहित के सौजन्य से तथा झुंझुनूं नागरिक मंच के तत्वावधान में उनके पूज्य पिता जो स्वयं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर थे स्वर्गीय विमलेश चंद्र पुरोहित की स्मृति में किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि झुंझुनू नागरिक मंच के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ संजय कटेवा, उपाध्यक्ष डॉ उमेश केडिया, डॉ रजनेश माथुर, डॉ वीरेंद्र झाझड़िया, डॉ पीएल काजला, मंच संयोजक उमाशंकर महमिया, अख्तर अली गहलोत, सीए मनीष अग्रवाल, सीए रवींद्र मारोलिया, अनिल जांगिड़ एवं अब्बास अली द्वारा दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर डॉ निशांत पुरोहित ने बताया कि सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित शिविर में कुल 354 लाभार्थियों की नेत्र जांच कर उन्हें नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गई। जांच के दौरान 76 मरीजों का फेको पद्धति से लेंस प्रत्यारोपण हेतु पंजीकरण किया गया। इन सभी का शीघ्र ही नि:शुल्क ऑपरेशन कर लेंस प्रत्यारोपित किए जाएंगे तथा आवश्यक चश्मे एवं दवाइयां भी उपलब्ध कराई जाएगी। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे सेवा एवं जनकल्याणकारी शिविर समाज के जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्वर्गीय विमलेश कुमार चंद्र की स्मृति में आयोजित यह शिविर मानव सेवा और सामाजिक सरोकार का उत्कृष्ट उदाहरण बना। शिविर को सफल बनाने में अस्पताल के दीपक स्वामी, शेखर, प्रवीण शर्मा, खुशी गुप्ता, रितिका शर्मा, मोहम्मद अली, दयाराम, नाजराना, सुमन, यशोदा एवं रोहित सहित स्टाफ ने सराहनीय सेवाएं दी।

# हाईकोर्ट ने 60 दिन में महिला अभ्यर्थी को नियुक्ति देने के दिए आदेश

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान हाई कोर्ट ने एक महिला अभ्यर्थी की याचिका को मंजूर कर निदेशालय प्रारंभिक शिक्षा बीकानेर को कड़ाई के साथ आदेश दिया है कि उसे 60 दिन के भीतर शिक्षक ग्रेड-।।। लेवल -।। विषय विज्ञान गणित पद पर नियुक्ति दे।

मामले के अनुसार कासिमपुरा बगड़ की ममता कुमारी ने राजस्थान हाई कोर्ट में अपने अधिवक्ता संजय महला व सुनीता महला के जरिए रिट याचिका दायर कर बताया कि उसने प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक ग्रेड ।।। लेवल-।। भर्ती-2018 में खेल कोटे से आवेदन किया था। निदेशालय प्रा. शिक्षा बीकानेर ने 5 मार्च 2019 को चयन सूची जारी कर अभ्यर्थी को मेरिट में पाते हुए नियुक्ति हेतु बाड़मेर जिला आवंटित कर दिया था। बाद में अचानक निदेशक प्रा. शिक्षा बीकानेर ने दिनांक 14 अगस्त 2019 को आदेश जारी कर चयनित महिला अभ्यर्थी की नियुक्ति ये कहते हुए रद्द कर दी कि वह हरियाणा राज्य से सम्बन्ध रखती है तथा इस भर्ती में राजस्थान राज्य के खिलाड़ियों को ही खेल कोटे के तहत नियुक्ति दी जायेगी।

बहस में एडवोकेट संजय महला व एडवोकेट सुनीता महला ने शिक्षा विभाग के आदेश को विधि विरुद्ध व मनमाना बताया।

उन्होंने कहा कि प्रार्थिया की ओर से यह दूसरी रिट याचिका है क्योंकि अदालत ने पूर्व में भी दिनांक 28 अगस्त 2025 को उसकी याचिका मंजूर कर निदेशालय प्रा. शिक्षा को नियुक्ति बाबत आदेश जारी किए थे, किंतु निदेशक प्राण्शिक्षा राजस्थान, बीकानेर ने बिना मस्तिष्क लागू किए व अदालत के निर्णय का विधिक निर्वचन किए बिना ही यांत्रिकी तरीके से 9 दिसम्बर 2025 को आदेश जारी कर अभ्यर्थी को नियुक्ति देने से मना कर दिया।

जिस पर अभ्यर्थी द्वारा निदेशक प्राण्शिक्षा बीकानेर के निर्णय को फिर से चुनौती देते हुए याचिका दायर की।

मामले की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश आनंद शर्मा ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद विस्तृत आदेश पारित कर कहा कि निदेशक प्रा. शिक्षा बीकानेर ने यांत्रिक तरीके से विवादित आदेश पारित किया है जबकि प्रार्थिया नियुक्ति की हकदार है। उन्होंने याचिका मंजूर कर निदेशक प्रा. शिक्षा बीकानेर को कड़ाई से कहा कि वह अभ्यर्थी को 60 दिन के अंदर नियुक्ति दे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190

## सम्पादकीय

# विपक्षी मोर्चे में खींचतान



विपक्षी दलों के मोर्चे आईएनडीआईए की बैठक एक ऐसे समय होने जा रही है, जब कांग्रेस और उसके अन्य घटकों के बीच खींचतान दिख रही है। यह कहना कठिन है कि इस बैठक में कांग्रेस और अन्य सहयोगी दलों के बीच बढ़ती दूरी खत्म हो पाएगी या नहीं, लेकिन यह स्पष्ट है कि वर्तमान में यह गठबंधन पहले जितना एकजुट और मजबूत नहीं दिख रहा है। द्रमुक इस गठबंधन से बाहर होने की घोषणा कर चुकी है और आम आदमी पार्टी के बारे में यह कहना कठिन है कि उसके नेता इस बैठक में शामिल होंगे या नहीं?

वाम दलों के नेता इस बैठक में शामिल तो हो रहे हैं, लेकिन इसके पहले माकपा ने कांग्रेस के उस रवैये पर आपत्ति जता दी है, जो उसने केरल विधानसभा चुनाव के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री पी. विजयन के प्रति दिखाया था। माकपा की मानें तो कांग्रेस का रवैया विपक्षी गठबंधन की एकजुटता को कमजोर करने वाला है। कांग्रेस से नाखुश दलों में झारखंड मुक्ति मोर्चा भी है और यह भी किसी से छिपा नहीं कि महाराष्ट्र में कांग्रेस और उद्धव ठाकरे की शिवसेना के बीच खटपट जारी रहती है। नि:संदेह तृणमूल कांग्रेस के नेता इस बैठक में शामिल होने को लेकर उत्साहित हैं, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कुछ समय पहले तक ममता बनर्जी इस गठबंधन को कोई मूल्य-महत्व देने के लिए तैयार नहीं थीं।

विपक्षी गठबंधन की बैठक का एजेंडा जिस तरह एकजुटता कायम रखने और मिलकर भाजपा का सामना करने का बताया जा रहा है, उससे यही स्पष्ट होता है कि अभी तक यह गठबंधन अपनी दशा और दिशा नहीं तय कर पाया है। यह भी स्पष्ट ही है कि अभी तक इसके पास न तो कोई न्यूनतम साझा कार्यक्रम है और न ही कोई ठोस संयुक्त रणनीति।

इस गठबंधन का एकसूत्रीय एजेंडा भाजपा का विरोध करना और मोदी सरकार को हटाना है, लेकिन वह कोई नैरेटिव नहीं स्थापित कर पा रहा है। निश्चित रूप से आईएनडीआईए की बैठक में उन समस्याओं को लेकर सरकार को घेरा जाएगा, जो इस समय देश के समक्ष उपस्थित हैं। इसमें कोई हर्ज नहीं कि विपक्षी दल उन समस्याओं को रेखांकित करें जो इस समय सतह पर हैं और आम लोगों की चिंता का कारण बनी हुई हैं, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या इस गठबंधन के पास इन समस्याओं के समाधान की कोई रूपरेखा है।

आखिर केवल समस्याएं गिनाने से क्या होगा? यह गठबंधन कुल मिलाकर विरोध के लिए विरोध की राजनीति पर केंद्रित है। इसकी सबसे बड़ी समस्या यह है कि वह कोई वैकल्पिक एजेंडा नहीं प्रस्तुत कर पा रहा है। इसी तरह एक अन्य समस्या तब उभर आती है जब विधानसभाओं के चुनाव होते हैं। यह निराशाजनक है कि अभी तक यह गठबंधन आवश्यक आपसी समन्वय भी विकसित नहीं कर सका है।

## विशेष आलेख

# होर्मुज की बिसात पर ट्रंप को मात

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 23 मई को इंटरनेट मीडिया पर अपनी एक पोस्ट में दावा किया था कि ईरान के साथ शांति समझौते पर सहमति लगभग बन चुकी है, जिसमें होर्मुज जलमार्ग का खुलना भी शामिल है। इस बात को करीब दो हफ्ते बीत चुके हैं, लेकिन न समझौता हुआ है और न होर्मुज खुला है। कभी ट्रंप कहते हैं कि वे ईरान के प्रस्तावों पर विचार कर रहे हैं। कभी कहते हैं वे उनसे संतुष्ट नहीं हैं। कभी कहते हैं उन्हें कोई जल्दी नहीं है। कभी कहते हैं कि समझौते के लिए ईरानी अयातुल्ला से भी मिलना पड़े तो वे तैयार हैं। कभी दूसरे देशों से कहते हैं कि होर्मुज खुलवाने में मदद करें। कभी कहते हैं उन्हें किसी की जरूरत नहीं है।**



कूटनीति और रणनीति के जानकार भी इसे लेकर असमंजस में हैं। कुछ का मानना है कि युद्ध में जितनी हार-जीत होनी थी, वह हो चुकी। अब होर्मुज बंद रहने की चोट कौन कितनी देर तक बर्दाश्त कर पाता है, इसकी आजमाइश चल रही है। दुनिया के 38 विकसित लोकतंत्रों के संगठन ओईसीडी ने इसके चलते आर्थिक संकट की चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि यदि एक महीने के भीतर होर्मुज नहीं खुला तो दुनिया की अर्थव्यवस्था दो साल के लिए धीमी पड़ जाएगी। दुनिया की आर्थिक विकास दर 3.4 प्रतिशत से घटकर इस वर्ष 2.1 प्रतिशत रह जाने और अगले वर्ष 1.8 प्रतिशत रह जाने की आशंका है। भारतीय रिजर्व बैंक ने भी विकास दर के अनुमान को 6.9 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत और महंगाई की दर का अनुमान बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर लिया है। अमेरिका में भी पहली तिमाही के आधार पर विकास दर 1.6 प्रतिशत आंकी जा रही है, जबकि महंगाई दर 3.8 प्रतिशत पर जा पहुंची है, जो अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की सहजता के अनुमान से लगभग दोगुनी है। तेल के दाम भी दोगुने हो चुके हैं और उसकी आपूर्ति भी बाधित है। यह सब देखकर ईरान को लगता है कि जैसे-जैसे नवंबर के मध्यावधि चुनाव नजदीक आएंगे, वैसे-वैसे ट्रंप का धीरज डगमगाएगा और वे उसकी शर्तों पर समझौते को बेबस हो जाएंगे।

दूसरी ओर, ट्रंप को लगता है कि ईरानी लोगों की सहनशक्ति पहले जवाब देगी। वहां हर चीज की किल्लत हो चुकी है और महंगाई की दर 77 प्रतिशत से ऊपर चली गई है। एक डालर 18 लाख रियाल का हो गया है। होर्मुज की नाकेबंदी के कारण ईरान अपना तेल नहीं बेच पा रहा, जिसे तेल भंडारों और तेल के जहाजों में जमा किया जा रहा है, लेकिन ऐसी भंडारण क्षमताओं की भी एक सीमा है। उनके भर जाने के बाद तेल निकालना रोकना होगा। रोकने पर कुओं में हवा भर सकती है और वे बंद हो सकते हैं। इसलिए देर-सबेर उसे अमेरिका की शर्तें मानने को विवश होना पड़ेगा। वहीं, ईरानी विशेषज्ञों का कहना है कि ईरान ने लड़ाई शुरू होने से पहले ही करीब 125 अरब बैरल तेल जहाजों में भरकर मलेशिया और चीन के तटों के समीपवर्ती समुद्र में भेज दिया था, ताकि वे अमेरिका के हाथ न लगें। ईरान उस तेल को बेचकर तीन-चार महीने और गुजार सकता है। इस क्रम में इजरायली विशेषज्ञों का मानना है कि गतिरोध की असली जड़ नेतन्याहू हैं। वे नहीं चाहते कि ईरान का 465 किलोग्राम संवर्धित यूरेनियम जब्त किए बिना और हिजबुल्ला और हाउती जैसे प्यादे संगठनों की जड़ें उखाड़े बिना ट्रंप कोई शांति समझौता कर बैठें। इसलिए वे ट्रंप के बार-बार युद्धविराम के एलान के बावजूद अपने हमले नहीं रोक रहे हैं। वे हिजबुल्ला को ईरान से भी बड़ा खतरा मानते हैं, क्योंकि ईरान तो हजार किलोमीटर दूर है, लेकिन हिजबुल्ला तो ऐन इजरायल की सीमा पर है। ईरान के लिए हिजबुल्ला ऐसा हथियार है जिसके सहारे उसने लेबनान को उपनिवेश जैसा बना लिया है और वहां से इजरायल और सीरिया दोनों पर अंकुश रखता है। यहां संभव यह भी है कि नेतन्याहू ट्रंप की मिलीभगत से ही हिजबुल्ला का हमास जैसा हाल करने पर तुले हों। ईरान पर संवर्धित यूरेनियम उनके हवाले करने और होर्मुज जलमार्ग खोलने का दबाव बढ़ाने के लिए यह चाल चली जा रही हो। जो भी हो, अब तो अमेरिका के दक्षिणपंथी रणनीतिकार भी मानने लगे हैं कि इस युद्ध में ट्रंप मात खा गए हैं। ब्रूकिंग्स संस्थान के वरिष्ठ सदस्य और नव-अमेरिकी शताब्दी परियोजना के सह संस्थापक राबर्ट केगन के लेख-चेकमेट इन ईरान की काफी चर्चा हो रही है, जिसमें उन्होंने ईरान युद्ध को अमेरिकी रणनीति की सबसे बड़ी हार सिद्ध किया है। उनका तर्क है कि 37 दिनों के हवाई हमलों से ईरान के शीर्ष नेतृत्व और सैन्य क्षमता का बड़ी हद तक क्षय करके भी अमेरिका उससे कोई बड़ी रियायत लेने में नाकाम रहा है। ईरान न तो संवर्धित यूरेनियम देने को तैयार है, न परमाणु संवर्धन का अधिकार छोड़ने को और न ही प्यादे संगठनों का समर्थन बंद करने को। ऊपर से उसने होर्मुज जलमार्ग पर अपना अधिकार और जमा लिया है जिसकी वजह से पूरे विश्व में ऊर्जा का और आर्थिक विकास की दर धीमी पड़ने का संकट खड़ा हो गया है।

विश्व का एक चौथाई तेल, पांचवें हिस्से की गैस, एक तिहाई उर्वरक, आधा सल्फर और एक तिहाई हीलियम होर्मुज से गुजरते हैं। इसका बंद होना विश्व आपूर्ति तंत्र के समक्ष अब तक की सबसे गंभीर रुकावट है, जिसे ट्रंप चाहकर भी खुलवा नहीं पा रहे हैं। केगन का मानना है कि इस युद्ध में अमेरिका की साख पर सबसे बड़ा आघात हुआ है। ईरान ने अपने सस्ते और कामचलाऊ हथियारों से साबित कर दिया कि अमेरिका की अरबों-खरबों के शस्त्रास्त्रों से लैस महाबली सेना खाड़ी के मित्र देशों की रक्षा करना तो दूर अपने ठिकानों की रक्षा भी नहीं कर पाई। अमेरिका की साख को इतना बट्टा बुडापेस्ट विज्ञप्ति में यूक्रेन की रक्षा का वचन देकर उसे रूस से बचाने के लिए न आने पर भी नहीं लगा था, जितना खाड़ी देशों की रक्षा न कर पाने से लगा है।

अब यदि खाड़ी के देश भी होर्मुज को खुला रखने और सुरक्षित रहने के लिए ईरान से कोई तालमेल करने पर बाध्य हो जाएं तो किसी को हैरत नहीं होनी चाहिए, क्योंकि लगता नहीं कि ईरान अब होर्मुज के हथियार को छोड़ेगा। ट्रंप चाहें तो दोबारा हमले शुरू कर सकते हैं, पर उनसे होने वाली बर्बादी होर्मुज के नियंत्रण और परमाणु कार्यक्रम के अधिकार पर अड़े रहने के ईरान के इरादों को पक्का ही करेगी, कमजोर नहीं।

## आज का राशिफल

### मेष

दौड़धूप अधिक रहेगी। बुरी खबर मिल सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। समाज में आपके कार्यों की आलोचना होगी। राजकीय सहयोग मिलेगा एवं इस क्षेत्र के व्यक्तियों से संबंध बढ़ेंगे। वाणी पर संयम रखें। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी।

### वृष

मेहनत सफल रहेगी। कार्य की प्रशंसा होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। ऐश्वर्य के साधन मिलेंगे। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। व्यापार अच्छा चलेगा। कार्य निर्णय बहुत शांति से विचार करके करना ही शुभ है। योजना फलीभूत होगी।

### मिथुन

पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। स्वाभिमान बना रहेगा। नौकरी में मनचाही पदोन्नति मिलने के योग बनेंगे। स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें। रुका धन मिलेगा। व्यापार में नए अनुबंध होंगे। अजनबियों पर विश्वास न करें। नए अनुबंध होंगे, प्रयास करें।

### कर्क

यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। जोखिम न उठाएं। प्रसन्नता रहेगी। धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार की संभावना है। व्ययों में कमी करना चाहिए। स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी।

### सिंह

फालतू खर्च होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। दूसरों पर अतिविश्वास न करें। वस्तुएं संभालकर रखें। आपकी मिलनसारिता व धैर्यवान प्रवृत्ति आपके जीवन में आनंद का संचार करेगी। व्यापार अच्छा चलेगा। राजकीय सहयोग मिलेगा एवं इस क्षेत्र के व्यक्तियों से संबंध बढ़ेंगे।

### कन्या

डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। सार्वजनिक कार्यों में समय व्यतीत होगा। संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। रोजगार के क्षेत्र में उन्नति होगी। समाज में आपके कार्यों की आलोचना होगी।

### तुला

घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। योजना फलीभूत होगी। नए अनुबंध होंगे, प्रयास करें। प्रसन्नता रहेगी। उत्तम मनोबल आपकी सभी समस्याओं को हल कर देगा। प्रतिष्ठित जनों से मेलजोल बढ़ेगा। व्यापार में नए प्रस्ताव मिलेंगे। दौड़धूप अधिक रहेगी। बुरी खबर मिल सकती है।

### वृश्चिक

राजकीय बाधा दूर होगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। प्रसन्नता रहेगी। अपनी वस्तुएं संभालकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद। व्यवहारकुशलता से समस्या का समाधान हो सकेगा। वाहन सावधानी से चलाएं। वाणी पर नियंत्रण रखें।

### धनु

वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। कुसंगति से हानि होगी। आय कम होगी। नए संबंध लाभदायी सिद्ध होंगे। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता का विशेष योग है। व्यापारिक निर्णय जल्दबाजी में न लें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं।

### मकर

राजकीय बाधा दूर होगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। चिंता रहेगी। प्रमाद न करें। परेशानियों का मुकाबला करके भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। शिक्षा व ज्ञान में वृद्धि होगी। अधूरे पड़े काम पूरे होने के योग हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर रहेगी।

### कुंभ

संपति के कार्य लाभ देंगे। शत्रु परास्त होंगे। बेरोजगारी दूर होगी। यात्रा, नौकरी व निवेश लाभदायक रहेंगे। व्यापार में कर्मचारियों पर अधिक विश्वास न करें। संतान की शिक्षा संबंधी समस्या रह सकती है। प्रसन्नता रहेगी। उत्तम मनोबल आपकी सभी समस्याओं को हल कर देगा।

### मीन

यात्रा मनोरंजक रहेगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। आय में अधिक व्यय से मनोबल कमजोर पड़ सकता है। कार्य, व्यवसाय के क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं से मन अशांत रहेगा। प्रतिष्ठित जनों से मेलजोल बढ़ेगा। व्यापार में नए प्रस्ताव मिलेंगे।

## स्वास्थ्य समाचार

# बालों में लगाएं शहद-कोकोनट ऑयल हेयर मास्क, मिलेंगे कई फायदे

बालों में नारियल तेल का इस्तेमाल किसी वरदान से कम नहीं है। नारियल तेल में मौजूद गुण बालों को टूटने से बचाने और हेल्दी रखने के लिए बहुत फायदेमंद माने जाते हैं। इसमें मौजूद गुण बालों में कोलेजन के स्तर को बनाए रखने में बहुत फायदेमंद होते हैं। नारियल तेल के साथ शहद का इस्तेमाल भी बालों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। नारियल तेल और शहद से बने हेयर मास्क का इस्तेमाल आपके बालों को टूटने से बचाने और डैंड्रफ से छुटकारा दिलाने का काम करता है। बालों को डैमेज होने से बचाने और बालों की चमक बरकरार रखने के लिए भी नारियल तेल और शहद से बना हेयर मास्क बहुत फायदेमंद होता है।



**शहद और कोकोनट ऑयल हेयर मास्क के फायदे :** शहद और नारियल तेल दोनों को ही बालों के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। आज के समय में बढ़ते प्रदूषण, असंतुलित खानपान और खराब जीवनशैली के कारण लोगों में बालों से जुड़ी समस्याएं बढ़ रही हैं। बालों का कम समय में सफेद होना हो या बालों का टूटना ये सब खराब जीवनशैली और असंतुलित खानपान के कारण होता है। ऐसे में बालों को इन समस्याओं से बचाने के लिए विशेष देखभाल की जरूरत है। बालों में नारियल तेल और शहद से बने हेयर मास्क का इस्तेमाल करने से आपको इन समस्याओं से छुटकारा मिलता है और आपके बाल सिल्की व शाइनी होते हैं। नारियल तेल और शहद में एंटी-फंगल, एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-वायरल और एंटी-सेप्टिक गुण मौजूद होते हैं, जो बालों को कई समस्याओं से बचाते हैं।

**बालों का रूखापन दूर करे :** शहद और नारियल तेल से बने हेयर मास्क का इस्तेमाल करने से आपके बालों का रूखापन दूर होता है। इसके इस्तेमाल से आपके बालों की खोई हुई चमक वापस आती है और बाल मजबूत होते हैं। नारियल तेल और शहद में विटामिन ई, प्रोटीन और एंटी-फंगल गुण पाए जाते हैं, जो बालों को पोषण देने का काम करते हैं। बेजान बालों में इनका इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है।

**बाल झड़ने में फायदेमंद :** खराब जीवनशैली, बढ़ते प्रदूषण और असंतुलित खानपान की वजह से बाल झड़ने की समस्या लोगों में आम है। इस समस्या से आज भारत में हर तीसरा व्यक्ति परेशान है। बालों को झड़ने से बचाने के लिए शहद और नारियल तेल से बने हेयर मास्क का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। आप इसका इस्तेमाल कर बालों को टूटने से बचा सकते हैं।



### बालों को रखे काला

बाल सफेद होने की समस्या भी आज के समय में बहुत कॉमन है। पहले बढ़ती उम्र के कारण बाल सफेद होते थे लेकिन अब यह समस्या कम उम्र के लोगों में भी देखने को मिलती है। बालों को काला रखने के लिए भी नारियल तेल और शहद से बने हेयर मास्क का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद है। इसका इस्तेमाल करने से आपके बाल सफेद होने से बचते हैं।

### बालों की चमक बढ़ाए

बालों की चमक बढ़ाने के लिए शहद और नारियल तेल से बने हेयर मास्क का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद गुण बालों की चमक बरकरार रखने का काम करते हैं।



# तेजी से वजन कम करना है तो डाइटिंग और एक्सरसाइज के अलावा इन फैक्टर्स पर भी दें ध्यान

क्या आपने वजन कम करने के चक्कर में अपना मनचाहा फूड छोड़ दिया है? क्या आप रोजाना सिर्फ सलाद खाते हैं और डिटॉक्स ड्रिंक पीते हैं? और क्या आप रोजाना एक घंटा कसरत भी करते हैं फिर भी मनचाहा वजन कम करने में असमर्थ हैं? इसका अर्थ है कि आप अपना हेल्थ प्लान सही से फॉलो नहीं कर रहे। दरअसल वजन कम करना इन सब बातों के अलावा भी कुछ फैक्टर्स पर निर्भर करता है, जिनका ध्यान रखना आपके लिए बेहद जरूरी है। यदि आप इन बातों पर ध्यान दें, तो आप तेजी से वजन कम कर सकते हैं। लेकिन सबसे पहले आपका यह जानना जरूरी है कि तेजी से वजन कम करने से अच्छा है कि आप एक नॉर्मल स्पीड में वजन कम करें क्योंकि तेजी से और ज्यादा वजन कम करना भी आपके शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है। अगर आप एक हफ्ते में आधा किलो से 1 किलो वजन भी कम करते हैं, तो यह आपके लिए हेल्दी है।

**कैलोरी इनटेक को कम करें :** आपका बॉडी मास यानी वजन, मेटोबोलिक रेट और रोज के कैलोरी बर्न को निर्धारित करता है।



आप रोज जितनी ज्यादा कैलोरी बर्न करते हैं, उतना ही आपका बॉडी मेटाबॉलिज्म हाई होता है। वजन घटाने के लिए आपको अपनी कैलोरी इनटेक को कम कर कैलोरी बर्न पर ध्यान देना चाहिए। जितनी कैलोरीज आप बर्न करते हैं, अगर उतनी कैलोरीज का सेवन न करें, तो आप तेजी से वजन कम कर सकते हैं।

**बदलें अपना लाइफस्टाइल :** आपकी खराब लाइफस्टाइल के चलते वजन को कम करने में कठिनाई हो सकती है। अगर आप स्वस्थ जीवनशैली को अपनाते हैं, तो वजन को तेजी से कम किया जा सकता है। आप अपनी डाइट और एक्सरसाइज में कुछ अच्छी आदतों को अपनाएं और फोन का ज्यादा इस्तेमाल, रात को देर तक जागना, फास्ट फूड्स , पैकेज्ड फूड्स, अल्कोहल और शरीर को हानि पहुंचाने वाले कारकों को छोड़ें।

**प्रोटीन डाइट लें :** आपकी उम्र बढ़ने पर वजन घटाने में कठिनाई हो सकती है क्योंकि हार्मोनल परिवर्तन और मसल्स के कमजोर होने पर आपका शरीर इतनी तेजी से काम नहीं कर पाता। आप अपनी मसल्स को मजबूत बनाने के लिए प्रोटीन से भरी डाइट को अपना सकते हैं। मेटाबॉलिक रेट के लिए हेल्दी मसल्स का होना बेहद जरूरी होता है।

**पूरी नींद लें :** रोजाना पर्याप्त नींद लेना बेहद जरूरी है। नींद का प्रभाव हमारे मेटाबॉलिक रेट पर पड़ता है।

## पीएमएसएमए के 10 वर्ष पूर्ण होने पर जिलेभर में होंगे विशेष आयोजन

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 09 जून, 2026 को चूरू जिले के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि 09 जून, 2026 को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के सफलतापूर्वक 10 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को, विशेष रूप से गर्भावस्था की द्वितीय एवं तृतीय तिमाही के दौरानए प्रत्येक माह की 09 तारीख को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व देखभाल सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि विस्तारित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रत्येक माह की 18 एवं 27 तारीख को नाम आधारित उच्च जोखिम गर्भावस्था की ट्रैकिंग, अतिरिक्त फॉलो-अप विजिट, रेफरल सहायता तथा प्रसव के बाद लगातार 45 दिनों तक अनुवर्ती देखभाल की जाती है। उन्होंने बताया कि इस अभियान तथा इसके अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सेवाओं के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, सम्मानजनक एवं संवेदनशील मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को प्रोत्साहित करना तथा सामुदायिक सहभागिता एवं पारिवारिक भागीदारी को सुदृढ़ बनाना, पीएमएसएमए के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि 09 जून को प्रत्येक मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय, उप जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रथम रेफरल इकाई एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर विशेष पीएमएसएमए दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा गर्भवती महिलाओं की आवश्यक जांच, परामर्श एवं उपचार सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इसके अतिरिक्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर भी विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## जिला कलक्टर ने साहवा फिल्टर प्लांट का किया निरीक्षण



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को जिले के साहवा फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी और समुचित पेयजल आपूर्ति के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि विभाग की टीम मुस्तैदी से काम करें तथा फिल्टर प्लांट, डब्ल्यूटीपी व आवश्यक उपकरणों का समुचित प्रबंधन करें। फिल्टर प्लांट में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और क्षेत्र में पेयजल सप्लाई सुचारू रखें। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकाल को देखते हुए पेयजल व्यवस्था में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाए तथा क्षेत्र में जलापूर्ति नियमित एवं सुचारू रूप से बनी रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फिल्टर प्लांट की कार्यप्रणाली, जल शोधन प्रक्रिया एवं क्षेत्र में की जा रही पेयजल आपूर्ति संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने आरडब्ल्यूआर के लिए चिन्हित भूमि का भी अवलोकन किया। पीएचईडी एडिशनल चीफ इंजीनियर रमेश राठी ने व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस दौरान आईजीएनपी एक्सईएन आनंद सिंह, राजेश, सुखपाल सिंह, अनिरूद्ध, ऋतु स्वामी, लोकेश सहित अन्य मौजूद रहे।

## राजस्थान पुलिस का महा-अभियान : प्रदेशभर में 9 हजार 523 वाहन चालकों पर गिरी गाज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों और अवैध हूटर, फ्लैशर, काली फिल्म तथा नियम विरुद्ध नंबर प्लेट लगाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रदेशभर में 9 हजार 523 वाहनों पर कार्रवाई की गई। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर चल रहे अभियान के सातवें दिन अवकाश होने के बावजूद पुलिस टीमों ने सघन नाकेबंदी कर कार्रवाई को अंजाम दिया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक यातायात डॉ. बी.एल. मीणा ने बताया कि सर्वाधिक कार्रवाई वाहनों पर लगी काली फिल्म और नियम विरुद्ध नंबर प्लेटों के खिलाफ की गई। अभियान के दौरान 3 हजार 491 वाहनों से काली फिल्म हटवाई गई, जबकि 2 हजार 643 वाहनों पर दोषपूर्ण नंबर प्लेट मिलने पर कार्रवाई की गई। इसके अलावा 1 हजार 313 वाहनों पर अनाधिकृत शब्द और चिन्हए 811 वाहनों में अवैध मॉडिफिकेशन, 741 वाहनों पर अवैध हूटर-फ्लैशर तथा 524 वाहनों पर प्रेशर हॉर्न के मामले सामने आए। इस कार्रवाई के मामले में कोटा शहर पुलिस प्रदेश में पहले स्थान पर रही, जहां 830 वाहनों पर कार्रवाई की गई। अजमेर में 570 और बूंदी में 459 वाहनों के खिलाफ चालान बनाए गए। जयपुर कमिश्नरेट में 450 वाहनों पर कार्रवाई की गई, जिनमें 275 मामले काली फिल्म और 84 मामले नियम विरुद्ध नंबर प्लेटों के थे। जयपुर संभाग में कोटपूतली-बहरोड़ जिला 372 वाहनों पर कार्रवाई के साथ सबसे आगे रहा, जबकि दौसा में 112, जयपुर ग्रामीण में 98, भिवाड़ी में 88 और अलवर में 37 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई हुई। वहीं जोधपुर संभाग में जैसलमेर में 140, जोधपुर ग्रामीण में 151, बाड़मेर में 108, बालोतरा में 96, फलोदी में 92 तथा जालोर में 58 वाहनों पर कानूनी कार्रवाई की गई। डॉ. मीणा ने कहा कि वाहनों पर पद, जाति या संस्था का नाम लिखना, अवैध हूटर व फ्लैशर का उपयोग करना और काली फिल्म लगाना कानूनन अपराध है। ऐसे मामलों में आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## श्री गौड़ विप्र परिषद समिति के चुनाव 28 जून को

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** श्री गौड़ विप्र परिषद् समिति श्रीमाधोपुर की नई कार्यकारिणी के चुनाव 28 जून रविवार को सम्पन्न किए जायेंगे। परिषद् के मंत्री डा चंद्र प्रकाश व्यास ने बताया कि 21 जून तक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा, इसके बाद नामांकन दाखिल होंगे और चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। समाज के मार्गदर्शन मंडल के आदेशानुसार सर्व सम्मति से अथवा चुनाव से ये प्रक्रिया 28 को पूर्ण कर ली जायेगी। इस हेतु परशुराम सभागार में आमसभा का आयोजन हुआ जिसमें इस विषय पर विचार विमर्श किया गया। समाज को गतिशीलता देने के लिए समय समय पर चुनाव कर कार्यकारिणी का गठन किया जाता है और समाज सुधार के अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। परिषद् के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार शर्मा एडवोकेट ने सभी पधारे महानुभावों का आभार व्यक्त किया।

# बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए आवश्यक तैयारियां पूर्ण रखें : सुराणा

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक में संपर्क पोर्टल, जनगणना - 2027, बरसात के दौरान आवश्यक सेवाओं के प्रबंधन, ग्रामीण विकास सहित विभागीय योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा कर अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि आगामी बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए आवश्यक तैयारियां पूर्ण रखें। ग्रामीण विकास व नगरनिकाय अधिकारी देंखें कि मानसून के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विभागीय स्तर पर सेवाओं का समुचित त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि नियंत्रण कक्ष में कार्मिकों की नियुक्ति, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता, मिट्टी के कट्टे भरवाकर रखने, पंप सेटों व मोटरों के सुचारू संचालन आदि व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से तैयार रखें। बरसात के मौसम को देखते हुए सभी शहरी निकायों में नालों और नालियों की सफाई सुनिश्चित की जाए। सभी विकास अधिकारी एवं नगर निकाय अधिकारी नालों की सफाई सुनिश्चित करवाएं तथा अपने पंप हाउस, मोटरों आदि को सुचारू हालत में रखें ताकि एनवक्त पर किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर प्राप्त परिवेदनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी पेंडिंग प्रकरणों का यथाशीघ्र निस्तारण करें और अपने विभाग का जिला व ब्लॉक स्तर पर रिव्यू करें। अधिकारी देखें कि 15 दिन से अधिक की कोई पेंडेंसी न रहे। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर असंतुष्टि वाले प्रकरणों की चर्चा करते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक शिकायत का तथ्यात्मक एवं प्रभावी समाधान करने के निर्देश दिए। ग्रामीण विकास से संबंधित योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने मैजिक पिट, सोख्ता गड्ढा, सामुदायिक स्वच्छता परिसर, ओडीएफ वेरिफिकेशन, आरआरसी निर्माण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सहित बिन्दुओं पर चर्चा की। जिला कलक्टर ने बैठक में जनगणना-2027 अंतर्गत एचएलबी वेरिफिकेशन, घर-घर गणना कार्य, लाडो प्रोत्साहन योजना, पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत विशेष शिविर आयोजित कर आवेदन बढ़ाने, बिजली व पेयजल आपूर्ति से संबंधित शिकायतों की भी समीक्षा की। एडीएम अर्पिता सोनी ने जनगणनाकृ 2027 के तहत गतिविधियों की चर्चा की। इस दौरान एडीपीएस मीनू वर्मा, एसीईओ भागचंद खारिया सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे तथा वीसी के जरिए सभी उपखंडों से उपखंड स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे।

# बीएड कॉलेज में एसयूपीडब्ल्यू शिविर का शुभारंभ

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** श्री आदर्श महिला बीएड कॉलेज श्रीमाधोपुर में सोमवार को एसयूपीडब्ल्यू शिविर का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था निदेशक जितेंद्र शर्मा रहे। शिविर प्रभारी बहादुर सिंह महला एवं शायर गढ़वाल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम सत्र में छात्राध्यापिकाओं द्वारा शिविर स्थल की साफ-सफाई, पेड़-पौधों की निराई-गुड़ाई तथा उनके रखरखाव का कार्य किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि जितेंद्र शर्मा ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर विभिन्न महापुरुषों के नाम पर दलों का गठन किया गया तथा प्रत्येक दल के लिए दल नायिका एवं उप दल नायिका का चयन किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में बताया कि समाजोपयोगी उत्पादक कार्य एवं समाज सेवा शिविर के माध्यम से भावी शिक्षिकाएँ समाज के विकास एवं उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बी एल सैनी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए शिविर के मुख्य उद्देश्यों, उपयोगिता तथा आगामी गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राध्यापिकाओं को सेवा, सहयोग, नेतृत्व एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का संदेश दिया। द्वितीय सत्र में शिविर प्रभारी बहादुर सिंह महला ने विद्युत उपकरणों के रखरखाव एवं मरम्मत विषय पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने छात्राध्यापिकाओं को कम खर्च में घरेलू एवं सामाजिक स्तर पर उपयोगी संसाधनों के संरक्षण तथा जीवन स्तर में सुधार के व्यावहारिक उपाय बताए। कार्यक्रम के अंत में छात्राध्यापिकाओं द्वारा विभिन्न मनोरंजनात्मक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें सभी ने उत्साह पूर्वक सहभागिता निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। शिविर का वातावरण उत्साह, अनुशासन एवं सामाजिक चेतना से ओत-प्रोत रहा।

## सांसद राहुल कस्वां ने आम जनता के जवाब सीवरेज के अधिकारियों को सुनाए

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सुजानगढ़ नगरपरिषद पहुंचकर सांसद राहुल कस्वा ने सीवरेज, ड्रेनेज के अधिकारियों की मीटिंग ली। इस दौरान सांसद राहुल कस्वा ने कहा कि इस बार की बारिश सीजन में अगर सुजानगढ़ में पानी भरा, तो बात खराब हो जाएगी। सांसद के सवालों पर अधिकारी कई बार बंगले जाते नजर आए। मशीन ऑपरेटिंग की लोग बुक सांसद को मुहैया करवाने में नगर परिषद के अधिकारियों को काफी समय लग गया। आयुक्त के चैम्बर में दो घंटे तक सांसद राहुल कस्वां ने खड़े-खड़े की क्लास लगा ली, इस दौरान सारे अधिकारी ही खड़े नजर आये। सांसद ने सिवरेज सम्बंधी रजिस्टर से उपभोक्ताओं को सीधे कॉल किए और पूछा कि आपके मोहल्ले में समस्या का समाधान हुआ क्या, जिस पर लोगों के जवाब अधिकारियों को सुनाते हुए सांसद ने कहा कि आप गंभीरता से काम करिये, जनता परेशान है। वहीं ड्रेनेज के कार्य की प्रोपर मॉनिटरिंग करने के निर्देश तकनीकी अधिकारियों को दिये। दूसरी ओर जल स्त्रोतों से पानी की लिफ्टिंग सही तरीके से करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। वहीं जलदाय विभाग के अधिकारियों से सांसद ने कहा कि आप स्टोरेज बढ़ाईये और इसके लिए प्रपोजल बनाकर भेजिए। कम से कम एक महीने का स्टोरेज आपके पास हो ऐसी व्यवस्था करिये। आप इस कार्य में रूचि दिखाईये, ताकि संकट के समय में जनता कम से कम परेशान हो। वहीं अधिकारियों की मैराथन मीटिंग के बाद सांसद नगरपरिषद के हॉल में पहुंचे और आम लोगों के परिवाद सुने। मधु बागरेचा, विद्याप्रकाश बागरेचा, शहर ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप तोदी आदि ने सीवरेज की समस्याएं और नगरपरिषद की सफाई से सम्बंधित समस्याएं रखीं। जिस पर बार-बार सफाई निरीक्षक मुनालाल मीणा, ओप्रकाश स्वामी की भी सांसद ने क्लास लगा दी। अरविंद विश्वेंद्रा ने कहा कि एसडीएम हमें कह रहा है आप विधायक बन जाओ, तो अधिकारियों के ऐसे जवाब कहां तक जायज हैं। अरविंद ने कहा कि पुराने जल स्त्रोतों का समुचित रख रखाव क्यों नहीं हो रहा। दूसरी ओर कांग्रेस नेता अजय ढेनवाल ने कहा कि तीन जेटिंग मशीने हैं लेकिन खराब मशीन को उस कारखाने में ठीक करने के लिए दिया गया है, जिसके पास ऐसी कोई व्यवस्था ही ठीक करने की नहीं है। इस पर सांसद ने रजिस्टर देखते हुए कहा कि 28 अप्रैल के बाद मशीन ऑपरेट क्यों नहीं हुई। जिस पर मुनालाल मीणा, ओमप्रकाश स्वामी ने बताया कि एक मशीन खराब है एक चालू है और एक सीवरेज वालों को दे रखी है। जबकि सोचने वाली बात ये है कि सीवरेज अपने स्तर पर ही सारी व्यवस्थाएं करने के लिए जिम्मेदार है। वहीं अजय ढ़ेनवाल ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व पर बच्चों व सफाई कर्मचारियों को लड्डू वितरण करने के कार्य का टेंडर नगरपरिषद के अधिकारी ने अपने ही बेटे की फर्म को दिया, जिसकी जांच करके दोषियों पर कार्यवाही की जावे। मीडिया से बातचीत के दौरान सांसद ने कहा कि डेढ़ साल से सुजानगढ़ में नगर परिषद आयुक्त का पद खाली पड़ा है, जो सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है। ऐसे में अमृत योजना की मोनिटरिंग सही से नहीं हो पा रही है। वहीं इस बार जलभराव नहीं होगा, इसके लिए सरकार को भी संवेदनशीन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अमृत के तहत करीब 250 करोड़ का खर्चा हो गया है लेकिन डिपार्टमेंट के पास नक्शा तक नहीं मिला है, ऐसे में जवाबदेही कैसे तय होगी। अभी तहसीलदार के पास चार्ज है लेकिन अधिकारियों के पास नक्शे, प्लानिंग, गाईडलाईन तक नहीं है, ऐसे में कैसा सिस्टम ये अधिकारी चला रहे हैं ये सोचने वाली बात है। इससे भी बड़ी बात है मोनिटरिंग और मैनेजमेंट बड़ा सवाल है। जबकि यहां पर कोई नोडल अधिकारी नहीं है, जो पूरी मोनिटरिंग सही से कर सके। इस दौरान विधायक मनोज मेघवाल, उप सभापति अमित मारोठिया, विजय बटेसर, हितेश जाखड़, अजय ढ़ेनवाल, मुकुल मिश्रा, सौरभ पीपलवा, तरूण सियोता, रामचंद्र गोदारा, महावीर मंडा, कन्हेयालाल, इकबाल खां, आसिफ नसवाण, जाकिर क्याल आदि सहित अनेक नेतागण मौजूद रहे।



# खोले के हनुमान मंदिर में रामोत्सव की धूम

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** नरवर आश्रम सेवा समिति की ओर से मंदिर श्री खोले के हनुमान जी के शिखर स्थित श्री सियाराम जी महाराज के आगामी 17 जून को तिथि अनुसार होने वाले पाटोत्सव के उपलक्ष्य में सोमवार को रामोत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान राम दरबार के दर्शन किए। समिति अध्यक्ष गिरधारी लाल शर्मा ने बताया कि श्री सियाराम महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा दिवस के अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान भगवान का मोगरे के फूलों से मनोहारी श्रृंगार किया गया तथा राम दरबार की आकर्षक फूल बंगला झांकी सजाई गई, जिसने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि अधिकमास के अवसर पर भगवान राम दरबार को शीतलता प्रदान करने वाले विभिन्न व्यंजनों सहित छप्पन भोग अर्पित किया गया। कार्यक्रम में पधारे संत-महंतों का माला, दुपट्टा और प्रसाद देकर सम्मान किया गया। आयोजन के तहत श्री श्याम ज्योति संध्या परिवार की ओर से भक्ति संगीत संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों ने भगवान राम और हनुमान जी के भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। रामोत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान राम दरबार की महाआरती में भाग लिया। वहीं मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे और सुगंधित फूलों से आकर्षक रूप से सजाया गया, जिससे पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

## इनोवेट चूरू बूटकैंप का प्रशिक्षु आरएएस एवं आरपीएस ने किया पर्यवेक्षण



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में जिला मुख्यालय पर संभाग इन्क्यूबेटर सेंटर में आई-स्टार्ट, शिक्षा विभाग और एफआईए के संयुक्त तत्त्वावधान में संचालित 28 दिवसीय इनोवेट चूरू स्टार्टअप बूटकैंप का सोमवार को प्रशिक्षु आरएएस व आरपीएस ने पर्यवेक्षण किया। बूट कैंप में 12 ट्रेनी आरएएस और आरपीएस अधिकारियों ने कैंप का दौरा कर छात्रों से बातचीत की और उनके इनोवेटिव स्टार्ट-अप आइडियाज को बेहद ध्यान से सुना। अधिकारियों ने इन स्टार्ट-अप्स का सामाजिक और प्रशासनिक दृष्टिकोण से मूल्यांकन करते हुए छात्रों को फीडबैक दिया। डीओआईटी संयुक्त निदेशक नरेश टुहानिया ने मार्गदर्शन दिया। इस दौरान जिले के स्टार्ट-अप जेबर्स डॉ कॉम के फाउण्डर राकेश प्रजापत ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप केवल एक व्यवसाय नहीं बल्कि एक सोच है जो समाज की समस्याओं को अवसर में बदलती है। आई-स्टार्ट एसीपी विनोद कुमारी ने बूटकैंप तथा कंम्प्यूटर अनुदेशक गौरव शर्मा ने कोड चूरू प्रोग्राम के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## दस साल पुराने धोखाधड़ी मामले में फरार आरोपी पर पांच हजार का इनाम घोषित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर कमिश्नरेट के पश्चिम जिला पुलिस ने करीब दस वर्ष पुराने धोखाधड़ी और आपराधिक षड्यंत्र के मामले में फरार चल रहे एक वांछित आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पांच हजार रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि वैशाली नगर थाना क्षेत्र के एक प्रकरण में लंबे समय से फरार आरोपी की सूचना देने या गिरफ्तारी में सहयोग करने वाले व्यक्ति को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम के अनुसार आरोपी गोपाल यादव 60 निवासी गोविंदगढ़ जयपुर ग्रामीण हाल चित्रकूट जयपुर के खिलाफ वैशाली नगर थाने में वर्ष 2016 में मामला दर्ज है। आरोपी लगातार पुलिस गिरफ्त से बचने के लिए अपने ठिकाने बदल रहा है और लंबे समय से वांछित चल रहा है। डीसीपी पश्चिम द्वारा जारी आदेश के अनुसार आरोपी की गिरफ्तारी कराने, उसकी गिरफ्तारी में पुलिस की सहायता करने अथवा उसके संबंध में सटीक सूचना देने वाले व्यक्ति को पांच हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि गिरफ्तारी के दौरान आरोपी द्वारा विरोध किए जाने पर कानूनन आवश्यक बल का प्रयोग किया जाएगा। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि आरोपी के संबंध में कोई भी सूचना होने पर तत्काल पुलिस को अवगत कराएं, ताकि लंबे समय से फरार अपराधी को गिरफ्तार किया जा सके।

# भारत की विकास यात्रा के साथ आगे बढ़ते हुए आरएसपीएल ग्रुप ने पूरे किए 50 गौरवशाली वर्ष

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** देश के अग्रणी एफएमसीजी समूहों में शामिल आरएसपीएल ग्रुप ने अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया। इस अवसर पर समूह ने अपनी पांच दशक लंबी विकास यात्रा को भारत की प्रगति, आत्मनिर्भरता और नवाचार की कहानी से जोड़ते हुए भविष्य की विकास योजनाओं को साझा किया। आरएसपीएल ग्रुप के डायरेक्टर मनोज ज्ञानचंदानी ने कहा कि एक उत्पाद से शुरू हुई कंपनी आज बहुआयामी उपभोक्ता समूह के रूप में स्थापित हो चुकी है। उन्होंने कहा कि लाइफस्टाइल और फूड श्रेणियों में विस्तार के साथ समूह का लक्ष्य उपभोक्ताओं को बेहतर गुणवत्ता, नवीनता और उनकी बदलती जरूरतों के अनुरूप उत्पाद उपलब्ध कराना है। संयुक्त प्रबंध निदेशक राहुल ज्ञानचंदानी ने कहा कि घड़ी डिटर्जेंट से शुरू होकर घरेलू और औद्योगिक क्षेत्रों में भरोसेमंद पहचान बनाने तक की यात्रा भारत में बनाए भारतीयों के लिए बना की अवधारणा की सफलता का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि करोड़ों उपभोक्ताओं का विश्वास ही कंपनी की सबसे बड़ी पूंजी है। वहीं डायरेक्टर रोहित ज्ञानचंदानी ने बताया कि कंपनी की सफलता मजबूत अनुसंधान, नवाचार और उपभोक्ता-केंद्रित सोच पर आधारित रही है। उन्होंने कहा कि भविष्य की रणनीति में समावेशी विकास, महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और सभी समुदायों को अवसर उपलब्ध कराने पर विशेष जोर रहेगा। समूह ने बताया कि देशभर में स्थापित 24 से अधिक विनिर्माण इकाइयों के माध्यम से आरएसपीएल ने घरेलू उत्पादन को मजबूती प्रदान की है। उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, बिहार और मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों में संचालित इकाइयों ने औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति दी है। स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर आरएसपीएल ने अपनी प्रेरणादायक यात्रा पर आधारित एक विशेष शॉर्ट फिल्म भी जारी की।

प्रसिद्ध अभिनेता एवं फिल्म निर्माता रजत कपूर की आवाज में प्रस्तुत इस फिल्म में कंपनी के संघर्ष, मूल्यों और विकास की कहानी को दर्शाया गया है। यह अवसर इसलिए भी विशेष रहा क्योंकि समूह के प्रमुख ब्रांड घड़ी डिटर्जेंट ने भी अपने 50 वर्ष पूरे किए हैं। इसकी शुरुआत कानपुर में स्वर्गीय मुरलीधर ज्ञानचंदानी और बिमल कुमार ज्ञानचंदानी ने की थी। आज घड़ी डिटर्जेंट देश के करोड़ों परिवारों का भरोसेमंद ब्रांड बन चुका है और लगभग 32 प्रतिशत भारतीय घरों तक इसकी पहुंच है। कंपनी ने बताया कि व्यवसायिक विस्तार के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, स्वच्छता, पशु कल्याण, खेल प्रोत्साहन, आपदा राहत और सामुदायिक विकास जैसे क्षेत्रों में भी लगातार कार्य किया जा रहा है। महिलाओं को अधिक अवसर उपलब्ध कराने और कार्यस्थलों पर समान भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भी समूह विभिन्न पहल कर रहा है।

साबुन और डिटर्जेंट से शुरू हुई आरएसपीएल की यात्रा आज हाइजीन केयर, पर्सनल केयर, डेयरी एवं आइसक्रीम, केमिकल निर्माण, फैशन एवं लाइफस्टाइल तथा खाद्य एवं पेय पदार्थों तक पहुंच चुकी है। इसके अलावा समूह रियल एस्टेटए इंफ्रास्ट्रक्चर और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में भी अपनी उपस्थिति मजबूत कर रहा है।

# विशाखापट्टनम स्टील प्लांट में हादसा, 8 मजदूरों की मौत

## 1600 डिग्री पर पिघला गर्म लोहा क्रेन से ले जा रहे थे, बैलेंस बिगड़ने से उन पर ही गिरा



विशाखापट्टनम।

आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम स्थित स्टील प्लांट में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। प्लांट में करीब 1600एष्ट तापमान वाला पिघला हुआ लोहा (मोल्टन आयरन) मजदूरों पर गिर गया। हादसे में 8 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, प्लांट में क्रेन की मदद से एक बड़े बकेट में पिघला हुआ लोहा एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान बकेट का संतुलन बिगड़ गया और उसमें भरा गर्म लोहा नीचे काम कर रहे कर्मचारियों पर गिर गया।

हादसा राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड के स्टील प्लांट में हुआ। हादसे के बाद प्लांट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। राहत और बचाव दल ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। अधिकारियों ने कहा कि फिलहाल हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। पता लगाया जा रहा है कि कही दुर्घटना की वजह तकनीकी खराबी या सुरक्षा मानकों में किसी तरह की चूक तो नहीं हुई। आंध्र प्रदेश की गृह मंत्री वंगालापुडी अनिता ने विशाखापट्टनम के कलेक्टर और सिटी पुलिस कमिश्नर से फोन पर बात कर हादसे की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को घायलों को बेहतर इलाज दिलाने और रेस्क्यू ऑपरेशन तेज करने के निर्देश दिए।

**गृह मंत्री वंगलापुडी अनीता ने घटना की जानकारी ली**-राज्य के गृह मंत्री वंगलापुडी अनीता ने विशाखापत्तनम स्टील प्लांट में हुई दुर्घटना पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने विशाखापत्तनम के जिला कलेक्टर और शहर के पुलिस कमिश्नर से फोन पर बात की और स्टील प्लांट दुर्घटना से जुड़ी जानकारी ली।

**गृह मंत्री घटना स्थल के लिए रवाना**-मंत्री ने अधिकारियों के घायलों का बेहतर इलाज कराने और दुर्घटना स्थल पर बचाव और राहत कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। घटना की जानकारी मिलते ही गृह मंत्री तुरंत दुर्घटना स्थल पर रवाना हो गईं और लगातार अधिकारियों से फोन पर बात कर रही हैं।

# खड़गे बोले- सीबीएसई-नीट गड़बड़ी पर शिक्षा मंत्री इस्तीफा दें

## एसआईआर में करोड़ों वोटर के नाम काटे, इसके खिलाफ इंडिया ब्लॉक सीजेआई को लेटर लिखेगा




**नई दिल्ली।** इंडिया ब्लॉक की 2 साल बाद हुई 7वीं बैठक में सोमवार को 25 दलों के नेता शामिल हुए। दिल्ली में हुई बैठक में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, सुप्रिया सुले, कपिल सिब्बल समेत कई नेता मौजूद रहे। वहीं उद्धव ठाकरे और हेमंत सोरेन वर्चुअली जुड़े। मीटिंग के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- 2 घंटे से ज्यादा चली बैठक में 5 मुद्दों पर सहमति बनी है। नीट में देश के युवाओं के साथ धोखा हुआ है। नीट और सीबीएसई की गड़बड़ी के लिए शिक्षा मंत्री जिम्मेदार हैं, वह तुरंत इस्तीफा दें। खड़गे ने कहा कि एसआईआर में करोड़ों वोटर के नाम कटे। एसआईआर और चुनाव की निष्पक्षता को लेकर सीजेआई को लेटर लिखेंगे। सरकार को महंगाई, बेरोजगारी और अर्थव्यवस्था के मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए। गठबंधन हर 2 महीने में और मानसून सत्र के दौरान भी बैठक करेगा। अगली बैठक 8 अगस्त को हैदराबाद में होगी।

**यूथ कांग्रेस ने कांग्रेस-राहुल के खिलाफ लगे पोस्टर फाड़े**-दिल्ली की अकबर रोड पर सोमवार सुबह कुछ पोस्टर लगाए गए थे। हालांकि पोस्टर किसने लगाए इसका पता नहीं चल सका है। पोस्टर में राहुल गांधी की तस्वीर थी और कांग्रेस के खिलाफ बयानबाजी थी। दोपहर में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और पोस्टर को फाड़ा। एक पोस्टर में एनसीपी-एससीपी चीफ शरद पवार की तस्वीर लगी थी, लिखा था- राहुल गांधी में कंसिस्टेंसी (स्थिरता) की कमी है।

# होर्मुज में जलते जहाज से 24 भारतीयों का रेस्क्यू : ईरान बोला- अब इजराइल पर हमले नहीं; भारत ने नागरिकों को ईरान छोड़ने को कहा

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।



होर्मुज स्ट्रेट के पास एक तेल टैंकर में आग लगने के बाद उस पर सवार 24 भारतीय नाविकों को इंडियन नेवी ने बचा लिया है। शुरुआती रिपोर्टों में जहाज पर हमले की आशंका जताई गई है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस बीच ईरान ने घोषणा की है कि उसने फिलहाल इजराइल के खिलाफ अपनी सैन्य कार्रवाई रोक दी है। हालांकि उसने चेतावनी दी कि अगर इजराइल ने फिर से लेबनान या अन्य जगहों पर हमला किया तो उसे पहले से ज्यादा सख्त जवाब दिया जाएगा। दूसरी ओर अमेरिका युद्धविराम और शांति समझौते की कोशिशों में जुटा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने दावा किया है कि इजराइल और ईरान दोनों संघर्ष रोकना चाहते हैं और अंतिम समझौते को लेकर बातचीत आगे बढ़ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि समझौता होने तक ईरान पर लगी नाकाबंदी जारी रहेगी। हालात को देखते हुए भारत सरकार ने ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द वहां से निकलने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और जरूरत पड़ने पर भारतीयों की मदद के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

### पिछले 24 घंटे के 5 बड़े अपडेट्स

**1. ईरान ने इजराइल पर मिसाइलें दागीं, सीजफायर पर संकट:** अप्रैल में हुए सीजफायर के बाद पहली बार ईरान ने इजराइल पर मिसाइल हमला किया। जवाब में इजराइल ने सोमवार तड़के पश्चिमी और मध्य ईरान के सैन्य ठिकानों पर हमले किए। तेहरान, तबरीज और इस्फहान में धमाकों की खबरें हैं।

**2. ईरान, इराक और सीरिया ने एयरस्पेस बंद किया:** तनाव बढ़ने के बाद ईरान ने पश्चिमी हिस्से का एयरस्पेस अगली सूचना तक बंद कर दिया। इराक ने 72 घंटे और सीरिया ने 12 घंटे के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है।

**3. अमेरिका ने होर्मुज में दो और ईरानी ड्रोन मार गिराए:** अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने दावा किया कि होर्मुज स्ट्रेट में अंतरराष्ट्रीय जहाजों के लिए खतरा बने दो ईरानी ड्रोन को मार गिराया गया। लगातार दूसरे दिन अमेरिका ने ऐसे ड्रोन गिराने का दावा किया है।

**4. ईरान बोला- अमेरिका के बदलते रुख से अटकी बातचीत:** ईरान ने कहा कि अमेरिका के बार-बार बदलते रुख के कारण वार्ता आगे नहीं बढ़ रही। तेहरान ने एक बार फिर यूरेनियम संवर्धन के अधिकार और विदेशों में फ्रीज अरबों डॉलर की संपत्तियां जारी करने की मांग दोहराई।

**5. वर्ल्ड कप में ईरानी टीम को मैच वाले दिन ही अमेरिका छोड़ना होगा:** अमेरिकी वीजा प्रतिबंधों के कारण ईरान की फुटबॉल टीम को अमेरिका में सिर्फ मैच खेलने की अनुमति मिलेगी। टीम को मैच के दिन ही अमेरिका छोड़ना होगा, इसलिए उसने अपना ट्रेनिंग बेस एरिजोना की जगह मेक्सिको में बनाया है।

### ईरान का दावा- हमले की तैयारी कर रहे 24 लोगों को पकड़ा, 5 मारे गए

ईरान ने कहा है कि उसके सुरक्षा बलों ने देश के दक्षिण-पूर्वी इलाके सीस्तान-बलूचिस्तान में बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान 5 लोगों को मार दिया गया और 19 लोगों को गिरफ्तार किया गया। ईरानी अधिकारियों का दावा है कि ये लोग हमले की तैयारी कर रहे थे। उनका कहना है कि सुरक्षा बलों ने समय रहते कार्रवाई कर किसी बड़े हमले को रोक दिया। सीस्तान-बलूचिस्तान ईरान का वह इलाका है जो पाकिस्तान और अफगानिस्तान की सीमा के पास स्थित है। यहां पहले भी सुरक्षा बलों और सशस्त्र समूहों के बीच टकराव की घटनाएं होती रही हैं। हमास ने लेबनान पर इजराइल के हमलों के जवाब में ईरान और हूती लड़ाकों की तरफ से की गई कार्रवाई का समर्थन किया है। संगठन ने कहा कि वह ईरान और यमन की प्रतिक्रिया की सराहना करता है। एक बयान में हमास ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में बढ़ते तनाव और संघर्ष की मुख्य वजह इजराइल की नीतियां और उसकी सैन्य कार्रवाई हैं। संगठन का कहना है कि लेबनान, गाजा और ईरान में हो रही घटनाओं के पीछे इजराइल की भूमिका है। हमास ने यह भी आरोप लगाया कि इजराइल बार-बार अपने वादों और समझौतों से पीछे हटता है। उसके मुताबिक, इजराइल ऐसे समझौतों का सम्मान नहीं करता जिन पर वह खुद हस्ताक्षर करता है। यमन के हूती विद्रोहियों ने इजराइल को चेतावनी दी है कि बाब अल मंदब स्ट्रेट से गुजरने वाले इजराइली जहाजों को निशाना बनाया जाएगा।

# ममता बनर्जी के 28 में से 20 लोकसभा सांसद टूटे

## एनडीए का समर्थन करेंगे, स्पीकर को जानकारी दी; एक राज्यसभा सांसद का भी इस्तीफा

कोलकाता।

विधायकों के बाद अब तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने भी ममता का साथ छोड़ दिया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, लोकसभा के 28 सांसदों में से 20 ने एनडीए सरकार को समर्थन देने का फैसला किया है। सांसद और टीएमसी की पूर्व नेता काकोली घोष दस्तीदार ने भी सोमवार को यही दावा किया। उन्होंने बताया कि 20 सांसदों ने एनडीए को समर्थन देने की जानकारी लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को दे दी है। जल्द ही स्पीकर को पत्र भी भेज दिया जाएगा। इनमें से 11 सांसदों ने सोमवार दोपहर केंद्रीय मंत्री और बीजेपी के बंगाल प्रभारी भूपेंद्र यादव के घर पर मीटिंग की। इस दौरान बंगाल सीएम शुभेंदु अधिकारी भी इनसे मिलने पहुंचे। इस बैठक में लोकसभा सांसद काकोली घोष, शताब्दी रॉय, अबू ताहिर, अरूप चक्रवर्ती, खलीलुर रहमान, शर्मिला सरकार, असित मल, कालीपद सोरेन, जगदीश बसुनिया और प्रसून बनर्जी मौजूद रहे। लोकसभा में टीएमसी के अभी 28 और राज्यसभा में 13 सांसद हैं। इससे पहले 3 जून को बंगाल के 80 में से 58 विधायक अलग गुट बना चुके हैं। इस गुट ने ऋतब्रत को अपना नेता बनाया है।

# टीएमसी नेता जहांगीर खान नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार

### अवैध वसूली का आरोप, देश छोड़ने की कोशिश में थे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने सोमवार को टीएमसी नेता जहांगीर खान को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी नेपाल बॉर्डर के पास से हुई। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के फालता पुलिस स्टेशन में खान के खिलाफ 7 एफआईआर की गई थीं। वह नेपाल भागने की फिराक में था। अभी बंगाल पुलिस की तरफ से इस पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। पुलिस जहांगीर को कोलकाता ला रही है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक जहांगीर को अवैध वसूली करने के आरोप में पकड़ा गया है। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में पहले यह दावा किया गया था कि जहांगीर के समर्थकों ने महिलाओं को गैंगरेप की धमकी दी थी। इसके कारण उनकी गिरफ्तारी हुई है। जहांगीर ने 2026 का विधानसभा चुनाव फालता सीट से लड़ा था।

# ऑपरेशन सिंदूर के पायलट मनीष अरोड़ा को वीर चक्र

## 3 आतंकी ढेर करने वाले कर्नल को शौर्य चक्र मिला, राष्ट्रपति ने जवानों को सम्मानित किया



नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में रक्षा अलंकरण समारोह में 7 कीर्ति चक्र, 15 वीर चक्र और 29 शौर्य चक्र प्रदान किए। सम्मान पाने वालों में ऑपरेशन सिंदूर में शामिल भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन मनीष अरोड़ा भी रहे, जिन्हें वीर चक्र से सम्मानित किया गया। वहीं, एलओसी पर 3 आतंकियों को मार गिराने वाले लेफ्टिनेंट कर्नल नितेश भारती शुक्ला भी शामिल है। इसके अलवा अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती इलाके में सैन्य अभियान के दौरान बहादुरी दिखाने वाले मेजर आदित्य प्रताप सिंह को भी शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान साहस दिखाने वाले पुलिस अधिकारी लक्ष्मण केवट और रामेश्वर प्रसाद देशमुख को भी यह सम्मान मिला। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे।

# झुंझुनूं में इंसानियत शर्मसार

## कोल्ड ड्रिंक पिलाने के बहाने 9 साल के मासूम से कुकर्म, आरोपी पुलिस गिरफ्त में, सीकर से बुलाई गई एफएसएल और मोबाइल इन्वेस्टिगेशन टीम

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं जिले के पिलानी थाना क्षेत्र से एक 9 वर्षीय मासूम बच्चे को अपनी हवस का शिकार बनाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना के बाद से पूरे इलाके में आक्रोश का माहौल है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की है। आरोपी को डिटेन कर लिया। आरोपी की उम्र 28 साल है। वह जलदाय विभाग में कार्यरत है।

### कोल्ड ड्रिंक का लालच देकर पंप हाउस ले गया आरोपी

पिलानी थाना क्षेत्र के रहने वाले एक 9 वर्षीय मासूम बालक को आरोपी बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोपी ने बच्चे को कोल्ड ड्रिंक पिलाने का लालच दिया था। इसके बाद वह मासूम को जलदाय विभाग के एक सूने पंप हाउस में ले गया। आरोप है कि वहां आरोपी ने बच्चे की मासूमियत का फायदा उठाते हुए उसके साथ घिनौना कृत्य (कुकर्म) किया।

## आम सूचना

मेरे मुवक्किल मालीराम पुत्र मूलचन्द, उम्र 76 वर्ष जाति खटीक, निवासी नांगलिया भवन के सामने, रोड नं 2, झुन्झुनू, तहसील व जिला झुन्झुनू (राज.) आधार नं. 5129 4175 4218 की ओर से जनसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे मुवक्किल के पांच संतान है जिनमें से तीन पुत्री संतान है व दो पुत्र संतान सुभाष व विक्रम है। मेरे मुवक्किल की पत्नी का देहान्त हो चुका है। मेरे मुवक्किल के पुत्र सुभाष व विक्रम मेरे मुवक्किल के कहे में नही है तथा मेरे मुवक्किल के पुत्र अपनी स्वतंत्र इच्छा से अपना जीवनयापन करते है तथा मेरे मुवक्किल के पुत्र मेरे मुवक्किल की सेवा सुश्रुषा नहीं करते है तथा ना ही किसी प्रकार का कोई भरण पोषण करते है। मेरे मुवक्किल के दोनों पुत्रों ने मेरे मुवक्किल का परित्याग कर रखा है। इस कारण मेरे मुवक्किल ने अपने दोनों पुत्र सुभाष व विक्रम को उपरोक्त कृत्यों के कारण मेरे जेके मोदी रोड कस्बा झुन्झुनू में स्थित आवासीय भूखण्ड व अपनी अन्य समस्त पैतृक व स्व अर्जित चल व अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद मेरे मुवक्किल की चल व अचल सम्पति में सुभाष व विक्रम का किसी प्रकार का हक व अधिकार नहीं रहेगा। यदि कोई व्यक्ति उक्त सुभाष व विक्रम से किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार करता है तथा कोई रूपयों का लेन देन करता है व किसी प्रकार का सम्पति अन्तरण करते है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा, इसके लिये मेरे मुवक्किल का कोई उतरदायित्व नहीं होगा।

**रवि कुमार एडवोकेट, मो. 9414541412**

## नाम परिवर्तन

मैंने मेरा नाम संदीप पुत्र सांवर मल से बदलकर संदीप योगी पुत्र सांवरमल रख लिया है भविष्य में मुझे संदीप योगी पुत्र सांवरमल के नाम से जाना व पहचाना जावें।

**संदीप योगी पुत्र सांवरमल**
**निवासी-वार्ड नं. 02, पुराना बस स्टैंड,**
**सूरजगढ़, जिला-झुंझुनू ( राज. )**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सोटवारा
## पं. स. नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं

क्रमांक :- ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/372 — दिनांक :- 05-06-2026

### ई-निविदा सूचना 2026-27

इस कार्यालय द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की गयी है निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्तें http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु ई-निविदा वित वर्ष 2026-27 | 40.00 | ZJU2627A 0273 | ZJU2627GLRC 00464 | 2026_PRD_ 565862_1 |
| 3 | ग्राम सोटवारा में खेल मैदान की चार दिवारी निर्माण | 9.50 | ZJU2627A 0274 | ZJU2627WSOB 00465 | 2026_PRD_ 565864_1 |

प्रशासक
ग्राम पंचायत सोटवारा
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सोटवारा
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

## कार्यालय ग्राम पंचायत कैरू
## पं. स. नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं

क्रमांक :- ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/63 — दिनांक :- 05-06-2026

### ई-निविदा सूचना 2026-27

इस कार्यालय द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की गयी है निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्तें http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 1/2026 -27 | निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु ई-निविदा वित वर्ष 2026-27 | 30.00 | ZJU2627A 0272 | ZJU2627GLRC 00463 | 2026_PRD_ 565855_1 |

प्रशासक
ग्राम पंचायत कैरू
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कैरू
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

# शादी का झांसा देकर देह शोषण का मामला दर्ज

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ क्षेत्र में शादी का झांसा देकर 29 वर्षीय युवती के साथ एक युवक ने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर शारीरिक संबंध बनाए तथा अश्लील फोटो लेकर उसे वायरल करने की धमकी देकर देह शोषण करने का मामला स्थानीय पुलिस थाने में दर्ज हुआ है। पुलिस ने शहर की रहने वाली युवती की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी अनुसार युवती द्वारा दी गई रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि उसके पिता का तहसील के ग्राम लधासर निवासी एक व्यक्ति के घर आना-जाना था। वहीं पर गुंसाईसर निवासी विजय जाट भी आता था, जिसके कारण विजय ने युवती से दोस्ती कर ली। इस दौरान विजय ने युवती से कहा कि तुम मुझे पसंद हो और शादी करना चाहता हूं। करीब आठ माह पूर्व वह घर पर अकेली थी। इस दौरान विजय उसके घर आया तथा कहा कि आज उसका जन्मदिन है और फतेहपुर में पार्टी करेंगे। जब मना किया तो उसने कहा कि तुम होने वाली पति को मना कर रही हो और बहला-फुसलाकर उसे फतेहपुर ले गया। वहां एक होटल में खाना खिलाया तथा कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिला दिया, जिससे वह मदहोश हो गई तथा जबरन शारीरिक संबंध बनाए और अश्लील फोटो ले ली। इसके बाद वह शादी का झांसा देकर रतनगढ़ व लक्ष्मणगढ़ की विभिन्न होटलों में उसे ले गया तथा शारीरिक संबंध बनाए। मना करने पर फोटो को वायरल करने की धमकी दी। विजय होटल में कमरा भी युवती के नाम से ही बुक करता था और भुगतान भी उसी से करवाता था। चार मई को शादी करना तय हुआ लेकिन उस दौरान फोन बंद कर लिया और छह मई को वह आया और शादी के लिए सीकर ले गया, जहां पर जबरन पुन: देह शोषण किया। जब युवती ने उसे कहा कि वह धोखा करके उसके साथ बलात्कार किया है, तो विजय ने कहा कि उसके कई लड़कियों व औरतों से संबंध है, वह किस-किस से शादी करे। जब उसे इस कृत्य का मुकदमा दर्ज करवाने की धमकी दी तो उसने जातिसूचक गालियां निकालते हुए उसे व उसके परिवार को मारने की धमकी दी। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। मामले की जांच उप पुलिस अधीक्षक इनसार अली कर रहे हैं।

# समर्पित भक्त के साथ भगवान विवाह कर लेते है : पंडित तिवाड़ी



विजेंद्र सिंह लमोरिया

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** जब भक्त संसार के चक्रव्यूह से निकलकर परमात्मा को समर्पित हो जाता है तथा अपना सब कुछ भगवान को मानने लगता है तब भगवान उसकी वृतियों से तदाकार करके उससे विवाह कर लेते हैं। भगवान का एक नाम विवाह भी है, जो उनको समर्पित हो जाता है भगवान उससे विवाह कर लेते हैं। यह विचार कथा व्यास वाणीभूषण पंडित प्रभुशरण तिवाड़ी ने सेहीकलां के नेत दादा मंदिर परिसर में पवित्र पुरुषोत्तम मास के अवसर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान रुक्मणी विवाह के अवसर पर व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि रुक्मणी ने मन वचन कर्म से एकनिष्ठ होकर श्रीकृष्ण की चाहत की तो भगवान कृष्ण ने उन्हें अपना बना लिया। तिवाड़ी ने कहा कि भगवान बहुत दयालु है। कथा में महारास की वैज्ञानिक व्याख्या की गई व कंस वध उद्धव प्रसंग भी विस्तार से सुनाया गया। इस अवसर पर सजी श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह की सजीव झांकी मनमोहक रही। कथा में भक्ति मय भजनों से आनन्द की बौछार हुई। कथा से पूर्व मुख्य यजमान अरुण शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य भागवत व व्यास पूजन किया। इस दौरान डॉ जगदीश प्रसाद शर्मा, हजारीलाल शर्मा, बुद्धिधर कुलहरी, भागीरथ जांगिड़, राकेश पूनिया, प्रवीण शर्मा, राजेंद्र सिंह शेखावत, मातुराम महरिया, नत्थुराम शर्मा, जितेंद्र जांगिड़, ब्रह्मानंद पूनिया, संतोष सिंह शेखावत, रतनलाल शर्मा, पवन शर्मा, योगेश जांगिड़, निशांत जांगिड़, अरविन्द शर्मा, संजय भगत, सीताराम शर्मा, अशोक शर्मा, संतोष सिंह शेखावत, ओमप्रकाश महरिया, विक्रम शर्मा, करनसिंह शेखावत, सत्यनारायण कुमावत, प्रमोद भगत, होशियारी लाल शर्मा, गजानंद शर्मा, अनिल शर्मा, धरमसिंह शेखावत, रवि कुमावत, कैलाश वर्मा, राजेंद्र नायक सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# गीता गायत्री मंदिर में आज से श्रीमद्भागवत कथा



**जयपुर ( नवयत्न )।** अधिकमास के पावन अवसर पर गलता गेट स्थित श्री गीता गायत्री मंदिर में सोमवार से श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ होगा। कथा का आयोजन 9 से 15 जून तक पं राजकुमार चतुर्वेदी के सान्निध्य में किया जाएगा। मंदिर के प्रवक्ता नीतीश चैतन्य चतुर्वेदी ने बताया कि कथा से पूर्व भव्य पोथी-कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा कनक बिहारी मंदिर से रवाना होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए कथा स्थल श्री गीता गायत्री मंदिर पहुंचेगी। यात्रा में शहर के प्रमुख संत-महंत, श्रद्धालु और बड़ी संख्या में महिलाएं भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि कथा व्यास पीठ पर श्रीधाम वृंदावन के विद्वान कथावाचक पंडित श्याम नारायण शास्त्री श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराएंगे। कथा का आयोजन प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा। मंदिर प्रशासन के अनुसार श्री गीता गायत्री मंदिर में वर्षों से चली आ रही प्राचीन परंपरा के तहत अधिकमास के शुक्ल पक्ष में रामकथा तथा कृष्ण पक्ष में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाता है। इसी परंपरा के निर्वहन में इस वर्ष भी श्रद्धालुओं के लिए भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से कथा एवं धार्मिक आयोजनों में अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

# आज चिड़ावा बंद का आह्वान

## हिडन कैमरा मामले को लेकर हुई भाजपाइयों और हिंदूवादी संगठनों की बैठक



विजेंद्र सिंह लमोरिया

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** शहर के चर्चित जम जम कलेक्शन कपड़े की दुकान में सामने आए हिडन कैमरा प्रकरण को लेकर सोमवार को कबीर टीला में भाजपाइयों, व्यापार मंडल एवं विभिन्न सामाजिक व हिंदूवादी संगठनों की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर की सामाजिक एवं व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि इस घिनौनी घटना ने पूरे क्षेत्र को शर्मसार किया है तथा महिलाओं की सुरक्षा और निजता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मंगलवार को पूरा चिड़ावा बाजार पूर्णत: बंद रहेगा। वस्त्र व्यापार संघ, हार्डवेयर और इलेक्ट्रिक व्यापार संघ और व्यापार मंडल ने इस बंद को अपना पूरा समर्थन दिया है। मंगलवार को सभी व्यापारी कार्मिकों के साथ सुबह साढ़े 10 बजे विवेकानंद चौक में एकत्रित होंगे।

वहां एक मीटिंग कर आगे की ठोस रणनीति बनाई जाएगी ताकि भविष्य में कोई ऐसा कृत्य करने का साहस न कर सके। इसके साथ ही मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए एक स्थायी समिति के गठन पर भी सहमति बनी। इस आक्रोश बैठक में शहर के प्रबुद्ध नागरिकों के अलावा आसपास के गांवों से ग्रामीण भी पहुंचे। बैठक में भाजपा नेता राजेश दहिया, भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री राजू मराठा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर, नीतिका थालोर, इलेक्ट्रिक एवं हार्डवेयर व्यापार संघ के अध्यक्ष महेंद्र धनखड़, व्यापार मंडल सचिव राजेश मोदी, मुकेश खंडेलवाल, सुनील सिद्धड़, पवन शर्मा नवहाल, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष अभय सिंह बडेसरा, अमित सैनी गोलू, अमित खंडेलवाल, पूर्व पार्षद सुरेन्द्र सैनी, अजय चौमाल, राजेंद्र शर्मा, आलोक मित्तल, विशाल सुलतानिया, महेंद्र मोदी, मनीष धाबाई, सुनील टेलर, पूर्व पार्षद महेश शर्मा धन्ना, राकेश बाच्छुका, विकास खंडेलवाल, नितेश जांगिड़, महेंद्र चौधरी, मुकेश खंडेलवाल, किशोरीलाल, बाबू सिंह राजपुरोहित, अभिषेक पारीक आदि मौजूद रहे। मौके पर पुलिस जाब्ता भी तैनात रहा। पुलिस को बंद की सूचनार्थ एक पत्र भी सौंपा गया।

# रामकथा में आस्था रखना ही सुनने का मुख्य उद्देश्य है : बृजभूषण महाराज



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** अजीतगढ़ के श्याम मंदिर के पास स्थित मानसागर बालाजी धाम परिसर में अधिकमास से शुरू हुई संगीतमय रामकथा में रात्रि में शिव-पार्वती का रौचक प्रसंग सुनाया गया जिसे सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। मातृशक्ति ने बड़े ध्यान से शिव-पार्वती प्रसंग सुना। कथा व्यास पंडित बृजभूषण शास्त्री महाराज ने कहा कि रामकथा में आस्था रखना ही रामकथा सुनने का मुख्य उद्देश्य है।

परिवार का मर्यादित संचालन रामचरित मानस में ही सीखने को मिलता है। नागरमल कुमावत ने सपत्नीक वैदिक मंत्रोच्चार से पूजा अर्चना कर कथा का शुभारंभ किया। रामकथा में अनेक गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही। मंदिर पुजारी जीवादास महाराज ने बताया कि रामकथा 7 से 15 जून तक रात्रि 7 से रात्रि 10 बजे तक नौ दिनों तक जारी रहेगी।

# बासोतिया के निधन पर शोक जताने पहुंचे वित्त आयोग अध्यक्ष चतुर्वेदी



**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** क्षेत्र के प्रसिद्ध उद्योगपति, समाजसेवी स्व. गोविंद राम बासोतिया के निधन के बाद सोमवार को वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी शोक जताने पहुँचे। इस दौरान वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने स्व. गोविंद बासोतिया के योगदान को याद करते हुये उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वही गोविंद बासोतिया के पुत्र डॉ विजय बासोतिया व स्व. गोविन्दराम बासोतिया के परिवारजनों को सांत्वना दी। इस दौरान पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार खीचड़, विशंभर पूनिया, पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र सैनी फूलवाला, भाजपा जिलामंत्री योगेंद्र मिश्रा, डीपीएस के सचिव बीएल रणवा, निवर्तमान जिला परिषद सदस्य बीरबल गोदारा, सुनील सांभरा, राजकुमार बासोतिया, संजय बासोतिया, ओमप्रकाश सरार्फ, आशुतोष बासोतिया, आशीष बासोतिया सहित कई लोग मौजूद रहे।

## कर्मचारियों की अनदेखी पर फूटा गुस्सा

# पच्चीस सूत्री मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी जागृति यात्रा शुरू

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना आरजीएचएस की सुविधा बहाल करने, वेतन विसंगतियों को दूर करने सहित पच्चीस सूत्री मांगों को लेकर आंदोलनरत राज्य कर्मचारियों ने सोमवार से प्रदेशव्यापी जागृति यात्रा की शुरुआत कर दी। राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में यह यात्रा जयपुर स्थित गवर्नमेंट हॉस्टल से रवाना हुई। यात्रा को कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान यात्रा में शामिल कर्मचारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। जयपुर से रवाना हुई यात्रा बस्सी और कानोता होते हुए दौसा पहुंची, जहां स्थानीय कर्मचारियों ने यात्रा का स्वागत किया। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य प्रदेशभर के कर्मचारियों को उनकी पच्चीस सूत्री मांगों के प्रति जागरूक करना और आगामी आंदोलन के लिए संगठित करना है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले ढाई वर्षों से राज्य कर्मचारी लगातार अपनी मांगों को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। बजट घोषणाओं में कर्मचारियों के हितों से जुड़ी कई बातें कही जाती हैं, लेकिन उन्हें लागू नहीं किया जाता। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों ने पहले सांकेतिक प्रदर्शन, काली पट्टी बांधकर विरोध और सात दिन तक प्रतिदिन एक घंटे का कार्य बहिष्कार जैसे कार्यक्रम भी किए, लेकिन सरकार की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई। इसके बाद कर्मचारियों ने प्रदेशव्यापी जागृति यात्रा निकालने का निर्णय लिया। महासंघ के अनुसार जागृति यात्रा 8 जून से 25 जून तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में पहुंचेगी। यात्रा के दौरान कर्मचारियों को उनकी मांगों और आगामी आंदोलन की रणनीति से अवगत कराया जाएगा। राठौड़ ने बताया कि यात्रा समाप्त होने के बाद जुलाई में राजधानी जयपुर में प्रदेश स्तरीय कर्मचारी महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेशभर के कर्मचारी भाग लेंगे। सम्मेलन में आंदोलन के अगले चरण और सरकार के खिलाफआर.पार की रणनीति की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की जायज मांगों की लगातार अनदेखी से उनमें रोष बढ़ रहा है और यदि सरकार ने शीघ्र सकारात्मक कदम नहीं उठाए तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



# 10 दिनों से जलभराव से त्रस्त मुरलाई बस्ती

# पालिका की उदासीनता पर फूटा वार्डवासियों का गुस्सा

ललित दाधीच

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर के वार्ड नंबर 4 स्थित मुरलाई बस्ती में पिछले करीब 10 दिनों से गंदे पानी की निकासी नहीं होने के कारण आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नालियों का पानी सड़कों पर जमा होने से पूरे क्षेत्र में जलभराव और कीचड़ की स्थिति बनी हुई है। चिंताजनक बात यह है कि अभी मानसून की शुरुआत भी नहीं हुई है फिर भी हालात बदतर बने हुए हैं। वार्ड के लोगों का कहना है कि नगर पालिका की लापरवाही और अनदेखी के कारण समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। सड़क पर जमा गंदा पानी दुर्गंध फैलाने के साथ-साथ बीमारियों को भी आमंत्रण दे रहा है। इस मार्ग से प्रतिदिन गुजरने वाले सैकड़ों वाहन चालकों, राहगीरों, स्कूली विद्यार्थियों एवं बुजुर्गों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। वार्ड के प्रमुख पार्षद प्रतिनिधि जीतूराम मेघवाल एवं पूर्व पार्षद लालाराम प्रजापत ने बताया कि इस गंभीर समस्या को लेकर नगर पालिका प्रशासन को कई बार अवगत कराया जा चुका है लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

उन्होंने आरोप लगाया कि जिम्मेदार अधिकारी केवल आश्वासन देकर अपनी जिम्मेदारी से बच रहे हैं जबकि आमजन समस्याओं से जूझने को मजबूर हैं। वार्डवासियों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई तो आगामी मानसून में हालात और भी भयावह हो सकते हैं। बारिश के दौरान लोगों के घरों में पानी घुसने की आशंका है, जिससे आर्थिक नुकसान के साथ जनजीवन भी प्रभावित होगा। लोगों ने बताया कि कीचड़ और गंदे पानी के कारण कई बुजुर्ग एवं राहगीर फिसलकर गिर चुके हैं। इतना ही नहीं अंतिम यात्रा निकालने में भी लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। नगर पालिका प्रशासन से तत्काल प्रभाव से जल निकासी की व्यवस्था कर समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है। वार्डवासियों का कहना है कि यदि नगर पालिका ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो वे जनआंदोलन और विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस अवसर पर हेमराज पण्डार, दीनदयाल स्वामी, लिछु राम कुचेरिया, छगनाराम कड़वासरा, महावीर कुचेरिया, रामचंद्र भोभरिया, नोरंग राम कड़वासरा, महेश भार्गव, रूपाराम राहड़, रामलाल कड़वासरा, रतन भार्गव, मुकेश कड़वाासरा, बिरजुराम मेघवाल, पदमाराम, नथाराम कड़वासरा, बाबुलाल पुरोहित, मोहनराम भोभरिया, तिलोका राम भोभरिया सहित दर्जनों व्यक्ति मौजूद रहे ।

# अवैध निर्माणों पर पालिका मेहरबान राजस्व को लाखों का नुकसान

अबूबकर बल्खी



**लाडनूं ( नवयत्न )।** शहर में अवैध निर्माणों का खेल अब किसी से छिपा नहीं है। नगर पालिका कर्मचारियों की मिलीभगत के चलते अवैध व्यवसायिक निर्माण धड़ल्ले से फल-फूल रहे हैं। हालात यह हैं कि नियम-कायदों को ताक पर रखकर शहर के सबसे व्यस्त और प्रमुख मार्ग गौरव पथ पर बहुमंजिला व्यवसायिक भवन खड़े किए जा रहे हैं, लेकिन जिम्मेदारों की ओर से कार्रवाई के नाम पर केवल खामोशी दिखाई दे रही है। सूत्रों के अनुसार गौरव पथ पर पांच स्थानों पर बिना विधिवत स्वीकृति के व्यवसायिक निर्माण कार्य जारी हैं। आरोप है कि नगर पालिका में केवल फाइलें लगाकर औपचारिकताएं पूरी की गई हैं। जबकि मौके पर निर्माण कार्य बेरोकटोक चल रहा है। वार्डवासियों का कहना है कि ऐसे निर्माण न केवल शहरी नियोजन को प्रभावित करते हैं बल्कि नगर पालिका के राजस्व को भी भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। नियमों की अनदेखी कर बनाए जा रहे व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से विकास शुल्क और अन्य देय राशि की वसूली प्रभावित होने की आशंका बनी है।

## नोटिस के बावजूद धड़ल्ले से जारी निर्माण

शहर में बन रही अवैध ऊंची इमारतों के साथ पालिका कर्मचारियों की मिलीभगत और शह की कहानी भी ऊंची नजर आ रही हैं। यहां अवैध निर्माण की शिकायत के बाद अधिशासी अधिकारी हरेंद्र चौधरी ने मौका जांच कर त्वरित जांच और कार्रवाई के आदेश जारी किए मगर यहां कर्मचारियों द्वारा केवल खानापूर्ति होती नजर आई। इस मामले में शुक्रवार को अवैध निर्माण कर्ताओं को कारण बताओ नोटिस थमाया गया लेकिन तीन दिन बाद भी उनका कोई असर नजर नहीं आया। नोटिस देने के बाद यहां नियमित मॉनिटरिंग का अभाव होने से सोमवार को बेरोकटोक सभी निर्माण कार्य चालू नजर आए।

# अपना घर आश्रम में बनवाया टिन शेड

नवरतन वर्मा



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** निराश्रित, बेसहारा और विमंदित लोगों की सेवार्थ में संचालित अपना घर आश्रम में अखिल भारतीय अग्रवाल महिला मंडल इकाई द्वारा सवा लाख की लागत से टिन शेड का निर्माण करवाया गया है। अपना घर आश्रम ट्रस्ट के सचिव कुलदीप व्यास ने बताया कि महिला मंडल की जिलाध्यक्ष ललिता रामगढ़िया, संरक्षक सविता कंदोई, सलाहकार मंजू चौधरी, जिला प्रभारी निर्मला कसेरा और कार्यकारिणी सदस्यों ने टिन शेड का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष ललिता रामगढ़िया ने कहा कि आश्रम में निवासरत प्रभुजनों की सेवा का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि हमारा मंडल आश्रम की व्यवस्थाओं में निरंतर सहभागी बनने का प्रयास करेगा। सचिव व्यास ने आश्रम परिसर में भामाशाह जोधराज बैद परिवार द्वारा निर्माणाधीन अतिथि गृह की जानकारी दी। आश्रम संचालन समिति के महावीर रामगढ़िया ने आश्रम की विविध आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु ठाकुरजी महाराज को लिखी जाने वाली चिट्ठी के बारे में बताया। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष नरेंद्र झंवर ने बताया कि इसी परिसर में अगले चरण में पचास बैड का वृद्धाश्रम बनवाया जाना प्रस्तावित है, जिसकी योजना को अंतिम रूप प्रदान कर निर्माण कार्य शुरू करवाया जाएगा।

प्रताप बोथरा ने समस्त सहयोगियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर आश्रम में सपत्नीक पधारे समाजसेवी बालचंद दूगड़ ने आश्रम ट्रस्ट की आजीवन सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में दीनदयाल खेतान, विनोद कंदोई, पूनमचंद दूगड़, पुनीत खेतान, ममता पंसारी, कमला चांदगोठिया, ऊषा खेतान, रितु चौधरी, रेणु खेतान, करिश्मा गोयल, हिमानी कंदोई, लवली चौधरी, लाली दूगड़, यजत खेतान, केशव कसेरा, अंकित जांगिड़ व हेमंत प्रजापत आदि उपस्थित थे।

## गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच आज

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान पीएमएसएमए के 10 वर्ष 9 जून 2026 को पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सीकर जिले के चिकित्सा संस्थानों में विभिन्न आयोजन होंगे। इस संबंध में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक महरिया ने बताया कि 9 जून को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के सफलता पूर्वक दस वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं की विशेष रूप से गर्भावस्था की द्वितीय और तृतीय तिमाही में प्रत्येक माह की 9 तारीख को निशुल्क एवं गुणवत्ता पूर्ण प्रसव देखभाल एएनसी सेवाएं प्रदान करना है। इसके अतिरिक्त विस्तारित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान ई-पीएमएसएमए के तहत प्रत्येक माह की 18 व 27 तारीख को उच्च जोखिम गर्भावस्था हाई रिस्क प्रिग्नेंसी-एचआरपी की ट्रैकिंग, अतिरिक्त फॉलोअप विजिट, रेफरल सहायता तथा प्रसव के बाद लगातार 45 दिनों तक की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभियान और अभियान के दौरान प्रदान की जाने वाले सेवाओं के प्रति जागरूकता बढाना ही पीएमएसएमए के दस साल कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य है। ताकि सम्मानजनक और संवेदनशील मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को प्रोत्साहित किया जा सके। इससे सामुदायिक सहभागिता और पारिवारिक भागीदारी भी मजबूत होगी। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विशाल सिंह ने बताया कि कि 9 जून को मेडिकल कॉलेज, जिला व उप जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर विशेष पीएमएसएमए दिवस का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रसूति और स्त्री रोग संबंधित सभी स्पेशलिस्ट मौजूद रहकर आवश्यक जांच व उपचार करेंगे। इसके अलावा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर भी विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में सभी पीएमओ, बीसीएमओ व चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं। चिकित्सालयों में गर्भवती की हिमोग्लोबिन, एचआईवी, सिफलिस, ब्लड प्रेशर, तापमान की जांच, हृदय स्पंदन व प्रसव से संबंधित जटिलताओं की जांच की जाएगी। साथ विभाग के पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की एलएमपी तारीख के अनुसार द्वितीय या तीसरी तिमाही वाली महिलाओं को सोनोग्राफी कराने के लिए मॉ वाउचर योजना के तहत कूपन दिए जाएंगे, ताकि कूपन के माध्यम से गर्भवती महिला विभाग के अधिकृत किसी भी निजी सोनोग्राफी सेंटर पर अपनी सोनोग्राफी नि:शुल्क करवा सके।

## झपट्टा मारकर मोबाइल छीनने वाले दो आरोपियों को दबोचा

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** बगरू थाना पुलिस ने मोबाइल स्नैचिंग की वारदात का खुलासा करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि उसके नाबालिग साथी को निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छीने गए पांच एंड्रॉइड मोबाइल फोन तथा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि बगरू थाना पुलिस ने मोबाइल स्नैचिंग की वारदात करने वाले रुकमान 18 निवासी बगरू को गिरफ्तार किया है। वहीं उसके नाबालिग साथी को निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने उनके कब्जे से पीड़ित का ओप्पो मोबाइल बरामद कर लिया। इसके अलावा तलाशी के दौरान चार अन्य एंड्रॉइड मोबाइल फोन भी बरामद हुए। आरोपियों ने स्वीकार किया कि ये मोबाइल भी उन्होंने रीको क्षेत्र बगरू और आसपास के इलाकों में राहगीरों से छीने थे। पुलिस आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है। थानाधिकारी राजेंद्र कुमार गोदारा ने बताया कि बगरू निवासी मैना चौधरी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनका पुत्र कुलदीप चौधरी रीको क्षेत्र में निजी कार्य से गया हुआ था। जहां सुनसान स्थान पर मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने झपट्टा मारकर उसका ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन छीन लिया और फरार हो गए। पीड़ित बदमाशों की बाइक का केवल अंतिम नंबर आरजे-60-8443 ही देख पाया था। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित की गई। टीम में हेड कांस्टेबल कृष्ण कुमार तथा कांस्टेबल योराम, हंसाराम और मुकेश कुमार शामिल थे।

पुलिस टीम ने घटनास्थल और बगरू क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। परिवादी द्वारा बताए गए अधूरे नंबर के आधार पर संदिग्ध मोटरसाइकिल की पहचान की गई। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को मोटरसाइकिल सहित दस्तयाब कर लिया। गहन पूछताछ में आरोपियों ने कुलदीप चौधरी से मोबाइल छीनने की वारदात स्वीकार कर ली।

## लिव-इन पार्टनर पर गहने-नकदी और घरेलू सामान चोरी करने का आरोप

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी में लिव-इन रिलेशनशिप से जुड़ा एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक युवक ने अपनी लिव-इन पार्टनर पर घर का सामान, सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर फरार होने तथा झूठे दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने न्यायालय के आदेश के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि जयपुर निवासी 40 वर्षीय युवक ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह निजी कंपनी में कार्यरत है। शिकायत में युवक ने बताया कि पड़ोस में रहने वाली एक युवती से उसकी जान-पहचान हुई थी। युवती ने स्वयं को पति से तलाकशुदा बताते हुए घरेलू विवाद और मारपीट के कारण अलग रहने की बात कही थी। परिचय बढ़ने के बाद दोनों ने वर्ष 2024 में 100 रुपए के स्टाम्प पर लिव-इन एग्रीमेंट किया और साथ रहने लगे। युवक का आरोप है कि एक दिन वह सुबह नौकरी पर गया था और युवती घर पर अकेली थी। शाम को लौटने पर घर का सारा सामान गायब मिला। आरोप है कि युवती लोडिंग वाहन में घरेलू सामान भरकर ले गई। साथ ही घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण और करीब 30 हजार रुपए नकद भी गायब थे। पीड़ित का आरोप है कि जब उसने युवती से संपर्क किया तो उसने दो लाख रुपए की मांग की और रुपए नहीं देने पर झूठे रेप केस में फंसाने की धमकी दी। इसके अलावा जान से मरवाने की धमकी भी दी गई। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि बाद में जानकारी करने पर युवती के किसी अन्य युवक से संबंध होने की बात सामने आई। उसे संदेह है कि इसी कारण युवती सामान लेकर चली गई। पुलिस ने बताया कि पीड़ित ने न्यायालय से आदेश प्राप्त कर युवती के खिलाफमामला दर्ज कराया है। मामले की जांच की जा रही है तथा आरोपों की सत्यता के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नगरपरिषद का बोर्ड लगाने, पार्क खुला रखने की मांगो पर बनी सहमति

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** चूरू जिला सांसद राहुल कस्वां नगरपरिषद कार्यालय के बाहर 37 दिनों से चल रहे धरने पर पहुंचे। धरनार्थी अजय ढ़ेनवाल, इकबाल खान, तरूण सियोता ने सांसद को ज्ञापन सौंपा और गांधी चौक स्थित पार्क में नगरपरिषद का बोर्ड लगाए जाने, 24 घंटे पार्क को खुला रखने, पार्क के आवंटन की जांच किए जाने, महापुरूषों की मूर्तियां लगाए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। धरने पर तहसीलदार व कार्यवाहक आयुक्त गिरधारीलाल पारीक से सांसद ने कहा कि जनता की जायजा मांगों को पूरा करने में क्या दिक्कत है, जिस पर आयुक्त ने कहा कि हम लोग हमारे स्तर की मांगे पूरी करने के लिए तैयार हैं। जिस पर अजय ढ़ेनवाल ने कहा कि अब तक बोर्ड क्यों नहीं लगाया गया और पार्क को क्यों खुला नहीं रखा जा रहा। जिस पर आयुक्त ने कहा कि पार्क को खुला रखने और बोर्ड लगाने की मांगे मानकर लिखित में देने के लिए हम लोग तैयार हैं और ये मांगे पूरी हो जायेंगी।

वहीं मूर्तियों के सवाल पर आयुक्त ने कहा कि इस बारे में हम लोग परमिशन के लिए उच्च अधिकारियों के पास आवेदन भिजवा देंगे। जिस पर सांसद ने कहा कि ठीक है आप इस बारे में जिला कलक्टर को लिखिए। इस दौरान धरने पर विधायक मनोज मेघवाल, अमित मारोठिया, हितेश जाखड़, विजय बटेसर, अमजद खान कायमखानी, आसिफ नसवाण, मोहनलाल, लियाकत अली, बिलाल भूरान, नूर मोहम्मद खान सहित अनेक लोग मौजूद रहे। आपको बता दें कि गांधी चौक स्थित पार्क में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर, पद्मश्री कन्हैयालाल सेठिया, स्वतंत्रता सेनानी गिरीशचन्द्र मिश्र की मूर्तियां लगाए जाने की मांग को लेकर लगातार नगरपरिषद पर धरना अजय ढ़ेनवाल के नेतृत्व में दिया जा रहा है।

वहीं धरने पर एक महीने से किसी अधिकारी के वार्ता के लिए नहीं पहुंचने पर सांसद ने कहा कि यह शासन प्रशासन की संवेदनहीनता का परिचायक है।

## प्रिंस हॉस्पिटल में अत्याधुनिक सेंट्रल लैब ब्लॉक का शुभारंभ



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** जयपुर रोड, सीकर स्थित प्रिंस हॉस्पिटल में अत्याधुनिक सेंट्रल लैब के नये ब्लॉक का शुभारंभ प्रबंधन सदस्यों, चिकित्सकों एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा किया गया है। इस सेंट्रल लैब ब्लॉक के शुभारंभ के साथ ही प्रिंस हॉस्पिटल में अत्याधुनिक जांच मशीनों द्वारा बायोकैमेस्ट्री, माइक्रोबायॉलोजी, पैथोलॉजी, हिमेटोलॉजी, हिस्टोपैथोलॉजी, वायरोलॉजी आदि लैबोरेट्रीज में परंपरागत एवं आधुनिक जांच की सुविधाएं प्रारंभ हो गई हैं। सेंट्रल लैब में गुणवत्तापूर्ण जांच रिपोर्ट्स के लिए एक्सपर्ट चिकित्सकों एवं टेक्निशियंस की बड़ी टीम नियुक्त की गई है।

## गाइड विभाग को मिले चार नए सहायक लीडर ट्रेनर



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू (नवयत्न)।** भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी, मध्य प्रदेश पर आयोजित सात दिवसीय सहायक लीडर ट्रेनर कोर्स में गाइड विभाग से झुंझुनू जिले की चार महिला अध्यापिकाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त कर स्काउट गाइड की विशेष योग्यता अर्जित की। सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि हाल ही में राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी, मध्य प्रदेश पर आयोजित सहायक लीटर ट्रेनर कोर्स में झुंझुनू जिले से महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नवलगढ़ की सुनीता बेनीवाल, पीएमश्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय हीरवा से पूनम, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भुकाना से विजेता नेहरा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पालोता से कुमारी अनीता ने महिला अध्यापिकाओं, रेंजर्स, गाइड्स को प्रशिक्षित करने हेतु सात दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर विशेष योग्यता अर्जित की। सीओ कालावत ने बताया कि इन चारों के विशेष प्रशिक्षित होने से जिले की स्काउट गाइड गतिविधियों में उत्तरोत्तर गुणात्मक सुधार होगा और झुंझुनू जिले की छात्राएं, महिला शिक्षिकाओं को स्काउट गाइड स्किल में दक्ष करने हेतु और अधिक सहूलियत मिलेगी। इस विशेष कोर्स करने पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा, जिला प्रधान गंगाधर सिंह सुंडा, सीओ गाइड प्रियंका कुमारी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त चिरंजीलाल शर्मा सहित अनेक कमिश्नर्स एवं सचिवों एवं संबंधित के संस्था प्रधानों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

# किसानों सेटलमेंट सम्बंधी समस्याओं का समाधान करने की उठी मांग

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** तहसील सुजानगढ़ में भू-प्रबंध विभाग सीकर द्वारा सेटलमेंट कार्य में की जा रही कथित अनियमितताओं की जांच एवं काश्तकारों की खारिज आपत्तियों पर दुबारा सुनवाई किए जाने की मांग स्थानीय निवासी नूर मोहम्मद खान पहाड़ियान द्वारा सांसद राहुल कस्वां को एक ज्ञापन सौंपकर की गई है। ज्ञापन में इस मामले की जांच के लिए स्पेशल कमेटी का गठन किए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि सुजानगढ़ तहसील के अधिकांश पीड़ित काश्तकारों एवं जनप्रतिनिधियों की ओर से भू-प्रबंध विभाग सीकर द्वारा वर्तमान में किए जा रहे सेटलमेंट भूमि बंदोबस्त कार्य में गंभीर नियमों के उल्लंघन और घोर अनियमितताओं की ओर ध्यान आकर्षित करवाया जा रहा है। ग्राम पंचायत कमेटी व जनसभा का अभाव, सेटलमेंट विभाग के अधिकारियों व पटवारियों द्वारा नियमानुसार पर्चा संख्या 5 जारी करने से पूर्व संबंधित ग्राम पंचायतों में किसी भी प्रकार की जनसभा या बैठक आयोजित नहीं की गई। केवल कागजों में ही कमेटी के औपचारिकतावश हस्ताक्षर करवाकर प्रक्रिया पूरी कर ली गई। नियमों के अनुसार सेटलमेंट पटवारियों को फील्ड में जाकर धरातल पर मौके की जांच करनी होती है, जो कि इस मामले में बिल्कुल नहीं की गई। बिना धरातलीय स्थिति देखे ही सीधे मनमाने ढंग से पर्चा संख्या 5 जारी कर दिया गया। इसी प्रकार तहसील के समस्त काश्तकारों को पर्चा संख्या 5 का उचित व समय पर वितरण भी नहीं किया गया जिससे अधिकांश किसान अपने अधिकारों व भूमि की सही स्थिति जानने से वंचित साथ ही जायज आपत्तियां दर्ज करवाई थी, सेटलमेंट विभाग के अधिकारियों व पटवारियों ने मौके पर जाए बिना ही लगभग 99 प्रतिशत आपत्तियों को सीधे खारिज कर दिया। विशेषकर भू-अभिलेख वृत्त कानूनगो वृत्त जिली, छापर, सुजानगढ़ और बड़ाबर के अंतर्गत आने वाले काश्तकारों की आपत्तियों को नियमों के विरुद्ध जाकर सामूहिक रूप से खारिज किया गया है। इसी प्रकार प्रशासन का किसानों के प्रति असहयोगात्मक व गैर-जिम्मेदाराना रवैया किसानों के लिए नई परेशानी का सबब बन चुका है। ज्ञापन में बताया गया है कि संबंधित तहसीलदार द्वारा गैर-जिम्मेदाराना और अपमानजनक जवाबए देते हुए न्यायालय में वाद दायर करने की बातें किसानों को कही गई। यदि सेटलमेंट विभाग की तकनीकी गलतियों को सुधारने के लिए भी गरीब काश्तकारों को कोर्ट के चक्कर काटने पड़ें, तो इस सेटलमेंट प्रक्रिया का कोई औचित्य नहीं रह जाता। इसलिए पूरे प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए स्पेशल कमेटी का गठन किया जावे, जो वास्तविक रूप से फील्ड में जाकर किसानों की समस्या सुन सके और बिना किसी भेदभाव के किसानों के खेतों का सही सीमांकन कर सके। साथ ही इस त्रुटिपूर्ण कार्य व लापरवाही के कारण काश्तकारों का जो भी आर्थिक नुकसान या अनावश्यक खर्चा हुआ है, उसकी वसूली दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों से की जाए तथा सेटलमेंट कार्य में घोर लापरवाही बरतने वाले संबंधित दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाए।

# वंशिका को न्याय दिलाने हेतु अग्रवाल समाज ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर (नवयत्न)।** जयपुर के प्रताप नगर निवासी मनीष गर्ग की पुत्री वंशिका की 6 जून 2026 को संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु को लेकर अग्रवाल समाज में गहरा आक्रोश एवं रोष व्याप्त है। इस संबंध में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, जिला सीकर के नेतृत्व में अग्रवाल समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर आशीष मोदी को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं कठोर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि स्थानीय थाने में मामला दर्ज होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से समाज में असंतोष है तथा अपराधियों को संरक्षण मिलने की आशंका व्यक्त की जा रही है। समाज ने मांग की कि मामले की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कर पीडि़त परिवार को शीघ्र न्याय दिलाया जाए। अग्रवाल समाज ने राजस्थान की सभी तहसीलों में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर बेटी वंशिका को न्याय दिलाने तथा दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग उठाई है। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि बेटियों की सुरक्षा एवं न्याय सुनिश्चित करना शासन और प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। ज्ञापन कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के बंधु उपस्थित रहे तथा समाज की एकजुटता का परिचय देते हुए न्याय की इस मांग का समर्थन किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, जिला सीकर के जिला अध्यक्ष अनिल तोदी, महामंत्री मणि शंकर खेतान, सज्जन अग्रवाल, मुरली मनोहर खेतान, नंदकिशोर काबरा, शुभम मोदी सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम तैयारी बैठक आयोजित



निसं

**नोखा (नवयत्न)।** 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुर्वेद विभाग, स्थानीय प्रशासन व पतंजलि योग समिति, नोखा के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय बाबा छोटूनाथ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नोखा के परेड मैदान में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन योगा फोर हैल्दी एजिंग थीम पर किया जाएगा। कार्यवाहक उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार चन्द्रशेखर टाक की अध्यक्षता में नोखा व पॉचू ब्लॉक की संयुक्त पूर्व तैयारी बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आयुर्वेद विभाग से डॉ. राजेन्द्र कुमार सोनी, डॉ. लक्ष्य बक्षी, पंचायत समिति से राजेश व्यास व जसबन्तसिंह, बी सी एम ओ कैलास गहलोत, नगरपालिका से उपेन्द्र मीणा, शिक्षा विभाग से नारायण दत्त, सोहनलालए हंसराज, उपकोषाधिकारी रमेशकुमार व्यास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे । कार्यवाहक उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार चन्द्रशेखर टाक ने सभी विभागों को आवश्यक तैयारियाँ करने हेतू पाबंद करते हुए योग केवल एक दिन नहीं करके 365 दिन के लिए योग पर जोर देते हुए अधिकाधिक संख्या में योग साधको को कार्यक्रम में लाने का आह्वान किया।

योग नोडल प्रभारी राजेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि योग शिक्षक रमेशकुमार व्यास, चम्पालाल हरिओम, हरिकिशन शर्मा, सुभाष विश्नोई के सानिध्य में योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास स्थानीय चाचा नेहरू उद्यानए में नियमित प्रात: 5:30 बजे से 7 बजे तक करवाया जा रहा है जिसमें सभी साधक भाग ले सकते है।

# पंचायतीराज बाबु करेगें आन्दोलन

### जयपुर में लेगे महाजल समाधि

निसं



**झुंझुनू (नवयत्न)।** प्रदेश कार्यकारणी के आह्वान पर सोमवार को राजस्थान पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन जिला शाखा झुंझुनू के जिला अध्यक्ष प्रमोद चोपड़ा के नेतृत्व में जिला स्तर पर जिला कलक्टर एवं मुख्यकार्यकारी अधिकारी जिला परिषद् झुंझुनू को ज्ञापन दिया गया। जिला संरक्षक हरीराम बुनकर ने बताया कि पंचायतीराज संस्था में कैडर रिव्यू वित्त विभाग के नवीनतम निर्देशानुसार 56.01 पदोन्नती पद पर अन्य विभागो की तरह पंचायतीराज में भी कैडर रिव्यू किया जाये वर्तमान में मात्र 19 प्रतिशत पदोन्नती के पद है जो पंचायतीरा के साथ बड़ा सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। संगठन की मांग है कि वित्त विभाग की गाईडलाईन के अनुसार तत्काल प्रभाव से कैडर रिव्यू किया जायें। पवन बोयल ने बताया कि पंचायतीराज संस्था के समस्त मंत्रालयिक कर्मचारी 10 जून से 16 जून तक आधा दिन का पेनडाउन करेगें एवं जिला महामंत्री प्रदीप मीणा ने बताया कि 19 जून को जिला कलेक्ट्रेट के सामने सद्बुद्धि यज्ञ किया जावेगा। मुख्य जिला संरक्षक अमीलाल मील ने बताया कि 25 जून 2026 को जिले एवं ब्लॉकों के पदाधिकारियों का जयपुर कूच एवं अनुज बेनीवाल ने बताया कि 01 जुलाई 2026 से वीबी जीराम जी योजना का सम्पूर्ण बहिष्कार तथा राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र फौजी ने बताया कि 06 जुलाई 2026 को जयपुर में मुख्यमन्त्री का घेराव किया जावेगा।

जिला कोषाध्यक्ष सत्यप्रकाश ढ़ाका ने बताया कि कर्मचारियों की मांगो पर सहानुभूतिपूर्वक विचार नही किये जाने पर 07 जुलाई 2026 का जयपुर मे जलमहल पर महाजल समाधि ली जायेगी। उल्लेखनीय है कि पंचायतीराज के बाबुओं द्वारा पिछले एक दशक से कैडर रिव्यू सहित कई मांगो की समय-समय पर अलग-अलग सरकारों से मांग की जा रही है लेकिन अब तक इनकी मांगो पर कोई भी फैसला नही हो पाया है इसलिए मजबुरन चरणबद्धे से आंदोलन करते हुये महाजल समाधि लिये जाने का निर्णय लिया गया है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष राकेश रेपस्वाल, बुहाना ब्लॉक संरक्षक गुलझारी लाल, मीडिया प्रभारी सुनील चाहर महिला संगठन मंत्री संगीता, इन्दु मण्डावा ब्लॉक अध्यक्ष हरिओम, झुंझुनू ब्लॉक अध्यक्ष सुनीता एवं कोषाध्यक्ष भगवान सिंह जानू सुरेन्द्र सिंह वर्मा, अनिल सिहाग, अरविन्द, मो. शाहिद, केशव झाझड़िया, साकिब हुसैन, उमर ईकबाल, रविन्द्र नैण, विक्रम धींवा, सुमित्रा, आशा, पूनम, मधुबाला, निर्मला, ममता, मुकेश, सुनिता मुनिका, सुधीरा, राजकौर, सुमन बुडाना, वेदप्रकाश, सुमन जांगिड, अनिल भाम्बु, निधी भाम्बु, ग्यारसी देवी, अल्का, सरिता, प्रदीप ढ़ाका बुहाना, इत्यादि दर्जनों पदाधिकारी मोजुद रहे।

## मानव सेवा की प्रेरणादायक पहल, व्हील चैयर भेंट



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं (नवयत्न)।** स्थानीय सेठ श्री गनपत राय राजकीय उप जिला चिकित्सालय में कार्यरत डॉ. परवेज भाटी फिजीशियन की प्रेरणा से अकबर अली सिसोदिया एवं मोहम्मद फारूक शेख ने अपनी स्वर्गीय माता वहीदन बानो की पुण्य स्मृति में मरीजों की सुविधा के लिए एक व्हीलचेयर भेंट की है। पीएमओ डॉ. भरत कसेरा ने बताया कि भाटी की प्रेरणा से यह पुनीत कार्य किया गया है। सरकारी अस्पताल में मिली व्हीलचेयर अस्पताल में आने वाले वृद्ध, असहाय एवं जरूरतमंद मरीजों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। इस अवसर पर अस्पताल प्रशासन ने दानदाताओं की इस जनसेवा एवं मानवता से प्रेरित पहल की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया है।